Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
# घटती घटना
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -112 मंगलवार ,21 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

दुष्ट बुद्धि के लोग दूसरों के उत्तम गुणों को जानने की वैसी इच्छा नहीं करते,जैसी इच्छा उनके अवगुणों की जाने की करते हैं।
-विदुर-

## संक्षिप्त समाचार

### हेट स्पीच मामले में चार्जशीट दाखिल की जाए : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, 20 फरवरी, 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को दिसंबर 2021 में गोविंदपुरी की धर्म संसद में दिए गए नफरत फैलाने वाले भाषणों के एक मामले में चार्जशीट कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के.एम. नटराज ने कहा कि मामले की जांच एडवां स स्टेज में है। नटराज ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से कहा कि वे अभियुक्तों के वॉइस सैंपल पर एक फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि एएसजी ने प्रस्तुत किया है कि जांच अब एक एडवांस स्टेज में है और वॉइस सैंपल की रिपोर्ट जल्द ही फोरेंसिक लैब से आने की उम्मीद है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, आरोप पत्र की एक कॉपी रिकॉर्ड में रखी जाए।

### नीति आयोग के सीईओ बने सुब्रमण्यम

#### परमेश्वरन अय्यर होंगे विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक

**नई दिल्ली,20 फरवरी, 2023 (ए)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम को नीति आयोग का नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वह



परमेश्वरन अय्यर की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे, जिन्हें विश्व बैंक का कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है।कार्मिक मंत्रालय के सोमवार को जारी आदेश के मुताबिक, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सुब्रमण्यम की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

# टाइटलर को प्रतिनिधि बनाने पर भड़की भाजपा

### कहा-मोहब्बत की बात करने वाले राहुल चला रहे नफरत की दुकान

**नई दिल्ली,20 फरवरी, 2023 (ए)।** भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने यह भी सवाल किया कि टाइटलर को एआईसीसी प्रतिनिधि नियुक्त करके कांग्रेस क्या संदेश देना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान सबसे ज्यादा नफरत फैलाने वाले नेता को एआईसीसी का निर्वाचित सदस्य बनाया गया है।
1984 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगों के आरोपी और पूर्व सांसद जगदीश टाइटलर को एआईसीसी प्रतिनिधि बनाया गया है। जिसके बाद वह अचानक चर्चा में आ गए हैं। भाजपा ने कांग्रेस के इस कदम की आलोचना करते हुए पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि टाइटलर को एआईसीसी प्रतिनिधि बनाए जाने के बाद पार्टी के चरित्र का पर्दाफाश हो गया है। कांग्रेस का चरित्र देश में विभाजन और अराजकता पैदा करने वाला है।

### भाजपा ने कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की यह कार्रवाई उनके नेता राहुल गांधी की हकीकत बयां करती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मोहब्बत की दुकान की बात कर रहे थे, वास्तव में वह नफ़रत की दुकान खोल रहे हैं।
भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने यह भी सवाल किया कि टाइटलर को एआईसीसी प्रतिनिधि नियुक्त करके कांग्रेस क्या संदेश देना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान सबसे ज्यादा नफरत फैलाने वाले नेता को एआईसीसी का निर्वाचित सदस्य बनाया गया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि ऐसे नेता कांग्रेस की रीढ़ हैं। जब राहुल गांधी की भारत तोड़ो यात्रा राष्ट्रीय राजधानी में पहुंची तो व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए टाइटलर भी मौजूद थे। यह दिखाता है कि राहुल गांधी और जगदीश टाइटलर दो शरीर हैं, एक आत्मा हैं।



### कांग्रेस ने एआईसीसी के सदस्यों में किया शुमार

इस साल के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल के लिए ने 61 सदस्यों की लिस्ट जारी की है। इसमें जगदीश टाइटलर को भी शामिल किया गया है। यह लिस्ट दिल्ली कांग्रेस द्वारा जारी की गई है। दिल्ली कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर एकाउंट पर एक पोस्ट करके पूरी लिस्ट शेयर की है। इस लिस्ट में 36 निर्वाचित और 25 सहयोजित सदस्य शामिल हैं। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, अजय माकन, अरविंद सिंह लवली और अलका लांबा शामिल हैं।

### नानावटी कमीशन की रिपोर्ट में आया था नाम

बता दें कि जगदीश टाइटलर की गिनती कभी दिल्ली कांग्रेस के बेहद प्रभावशाली नेताओं में होती थी। टाइटलर का नाम सिख विरोधी दंगों की जांच करने वाले नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट में आया था। जिसके बाद कई सालों तक कांग्रेस ने उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी थी। फिर कांग्रेस ने दिल्ली नगर निगम 2022 चुनाव के लिए 20 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा की थी जिसमें जगदीश टाइटलर को भी इस समिति का सदस्य बनाया गया था। इससे पहले पार्टी में वो हाशिये पर थे। उन्हें बैठकों में भी नहीं बुलाया जाता था। अब एक बार फिर वे चर्चाओं में हैं।

### दंगो में मारे गए थे 3000 से ज्यादा सिख

गौरतलब है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में भड़के सिख विरोधी दंगों में तकरीबन 3000 सिख दंगाइयों के हाथों मारे गए थे।

# शिवसेना के ठाकरे गुट ने चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

### पक्षपात का आरोप लगाया

**नई दिल्ली,20 फरवरी, 2023 (ए)।** उद्धव ठाकरे गुट ने सोमवार को चुनाव आयोग के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले ब्लॉक को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने और उसे धनुष और तीर चुनाव चिन्ह आवंटित करने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका की जल्द सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। सीजेआई ने हालांकि कोई भी आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।
पीठ ने कहा, नियम सभी पर समान रूप से लागू होता है, चाहे बाएं, दाएं या केंद्र। कल उचित प्रक्रिया के माध्यम से आएं। ठाकरे गुट द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि याचिका में उठाए गए बिंदुओं का उन मुद्दों पर सीधा असर पड़ता है जिन पर संविधान पीठ विचार कर रही है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग ने दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता और प्रतीक आदेश



के तहत कार्यवाही को अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित करने और विधायकों की अयोग्यता किसी राजनीतिक दल की सदस्यता की समाप्ति पर आधारित नहीं है। यह भी प्रस्तुत किया कि चुनाव आयोग ने कहा है उन्होंने यह कहकर गलती की कि शिवसेना में विभाजन हो गया है। याचिका में कहा गया है, ÷किसी भी दलील और सबूत के अभाव में कि राजनीतिक दल में विभाजन हुआ है, इस आधार पर ईसीआई की खोज पूरी तरह से गलत है।÷ याचिका में कहा गया है कि ठाकरे गुट के पास प्रतिनिधि सभा में भारी बहुमत है, जो प्राथमिक सदस्यों और पार्टी के अन्य हितधारकों की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष संस्था है।
याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग ने ÷पक्षपातपूर्ण और अनुचित तरीके÷ से काम किया है। याचिका में कहा गया है, ÷यह प्रस्तुत किया गया है कि ईसीआई प्रतीकों के आदेश के पैरा 15 के तहत विवादों के तटस्थ मध्यस्थ के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहा है और इसकी संवैधानिक स्थिति को कम करने के तरीके में काम किया है।÷ चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे-गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी थी और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित अविभाजित पार्टी के धनुष और तीर के चुनाव चिह्न के आवंटन का आदेश दिया था। संगठन के नियंत्रण के लिए लंबी लड़ाई पर 78 पन्नों के आदेश में, आयोग ने उद्धव ठाकरे गुट को राज्य में विधानसभा उपचुनाव पूरा होने तक धधकती मशाल चुनाव चिह्न रखने की अनुमति दी।
आयोग ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले विधायकों को 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के 55 विजयी उम्मीदवारों के पक्ष में लगभग 76 प्रतिशत वोट मिले। तीन सदस्यीय आयोग ने कहा कि उद्धव ठाकरे खेमे के विधायकों को विजयी शिवसेना उम्मीदवारों के पक्ष में 23.5 प्रतिशत वोट मिले।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी का एक्शन, अब तक 111 करोड़ की संपत्ति जब्त

**कोलकाता, 20 फरवरी, 2023 (ए)।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले में अब तक जब्त नकदी और सोने के साथ-साथ बैंक खातों और संपत्तियों की कुल रिकवरी लगभग 111 करोड़ रुपये हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह जब्त और फ्रीज हुए खाते केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मामले में समानांतर जांच के संयुक्त आंकड़े हैं। हालांकि नकदी और सोने की बरामदगी के मामले में ईडी अपनी साथी केंद्रीय जांच एजेंसी से काफी आगे है।



इस गिनती पर अधिकतम नकदी और सोने की रिकवरी पिछले साल जुलाई में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो आवासों से हुई थी, जहां कुल रिकवरी लगभग 33 करोड़ रुपये थी। ये दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।
इस बीच, सीबीआई और ईडी घोटाले में मुख्य एजेंट नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिनमें से कुछ जैसे कुंतल घोष, प्रसन्ना रॉय और चंदन मंडल पहले से ही या तो न्यायिक या केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में हैं।
ये एजेंट घोटाले के प्रमुख दिमाग और उन हजारों उम्मीदवारों के बीच कड़ी थे, जिन्होंने राज्य द्वारा संचालित स्कूल में शिक्षण और गैर-शिक्षण नौकरियों को पाने के लिए बड़ी मात्रा में पैसा लगाया। ये मुख्य एजेंट फिर से उप-एजेंट के अपने नेटवर्क के माध्यम से संचालित होते थे।
सीबीआई सूत्रों ने बताया, सब-एजेंटों का कार्य नौकरियों के लिए पैसा देने के इच्छुक उम्मीदवारों की पहचान करना, उनसे संपर्क करना और तदनुसार आगे बढ़ना था। उनका लक्ष्य मुख्य रूप से राज्य में तेजी से बढ़ रहे निजी बैचलर ऑफ एजुकेशन और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन संस्थान थे।

# उपेंद्र कुशवाहा ने छोड़ा नीतीश का साथ

### जदयू से अलग होकर नई पार्टी के गठन का किया ऐलान

**पटना,20 फरवरी 2023(ए)।** जेडीयू संसदीय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का जनता दल युनाइटेड से नाता टूट चुका है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार से नाराज चल रहे उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को जदयू से अलग होकर अपनी नई पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी रखा है।



जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी पुष्टि कर दी है कि उपेंद्र कुशवाहा का जेडीयू से कोई नाता नहीं है। उपेंद्र कुशवाहा ने आरोप लगाया कि जिन उद्देश्यों को लेकर वह जेडीयू में आए थे वह पूरा नहीं हो पाया। उपेंद्र कुशवाहा ने सीएम नीतीश पर अनदेखी का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि जेडीयू में जो भी लोग घुटन महशूस कर रहे हैं उनका नई पार्टी में स्वागत है।मीडिया से बातचीत करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को राज्य चलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। जॉर्ज फर्नांडिस के कारण नीतीश कुमार मुखिया बने थे। उस समय जनता तबाह थी। हमने बिहार की जनता को उस हालात से निकालने के लिए 10-12 साल तक संघर्ष चला। हम सब साथ रहे। बिहार को खौफनाक मंजर से निकालने में पूरी ताकत लगा दी।
कुशवाहा ने नीतीश कुमार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उस समय नीतीश जी ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन अंत भला तो सब भला होता है। बाद में अंत भला नहीं हुआ। आज जिस ओर नीतीश कुमार चल पड़े हैं, वो बहुत बुरा है। आज से नई शुरुआत होगी। बड़े फैसले के लिए साथियों के लिए बुलाया है।

## पटाखा गोदाम में आग लगने से तीन कर्मचारी जिंदा जले

**रुड़की, 20 फरवरी, 2023(ए)।** हरिद्वार के रुड़की शहर के मुख्य बाजार में आज पटाखा गोदाम में आग लगने से तीन कर्मचारियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जिस समय आग लगी उस समय कर्मचारी दुकान के अंदर ही थे। इस घटना से पूरे बाजार में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार, आग एक गोदाम से दूसरे गोदाम में फैल गई। आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।
आग की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करने में लगी हुई है। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने गंभीर रूप से झुलसे दो कर्मचारियों को गोदाम से बाहर निकाला। पुलिस ने दो कर्मचारियों को सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। फिलहाल आग बुझाने का प्रयास जारी है।

# असम में श्रद्धा जैसा हत्याकांड

### महिला ने पति और सास के किए कई टुकड़े; 7 महीने बाद हुआ खुलासा

**गुवाहाटी,20 फरवरी, 2023 (ए)।**गुवाहाटी में एक महिला ने कथित तौर पर अपने पति और सास की हत्या कर दी, उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर कुछ दिनों के लिए फ्रीजर में रख दिया और बाद में एक नदी में फेंक दिया। यह घटना सात महीने पहले शहर के नूनमती इलाके में हुई थी, लेकिन आरोपी महिला द्वारा कथित तौर पर अपराध कबूल करने के बाद सोमवार को मामले का खुलासा हुआ।





एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी बंदना कलिता ने कबूल किया कि उसने 17 अगस्त, 2022 को अपने दो दोस्तों की मदद से अपने पति अमरज्योति डे और सास शंकरी डे की हत्या कर दी।
अधिकारी ने कहा, हत्याओं के बाद, कलिता ने पीड़ितों के शरीर के अंगों को एक रेफ्रिजरेटर में रख दिया और घर छोड़ दिया। वह चार दिन बाद 21 अगस्त को लौटी और शरीर के टुकड़ों को मेघालय की डावकी नदी में फेंक दिया, जो गुवाहाटी से कम से कम 200 किमी की दूरी पर है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार, कलिता के पड़ोसियों ने पुष्टि की कि उन्होंने उसे अपने घर की छत पर फर्नीचर जलाते हुए देखा था। कलिता के दो दोस्तों, अरूप डेका और धनजीत डेका को हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने अभी तक इस घटना पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## पटना पार्किंग पर विवाद के बाद दबंगों ने 5 लोगों को मारी गोली,भड़के ग्रामीणों ने घर-गाड़ियों को फूंका

**पटना,20 फरवरी 2023(ए)।** बिहार की राजधानी पटना में पार्किंग को लेकर शुरू हुए विवाद ने भयानक झगड़े का रूप ले लिया जिसके बाद पांच लोगों को गोली मार दी गई। इस घटना में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। गोलीबारी में एक ही परिवार के गौतम कुमार और रौशन कुमार नामक युवक की हुई मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जहां आरोपी उमेश राय के घर पर जमकर पथराव और रोड़ेबाजी की। वहीं उमेश राय के घर, सामुदायिक भवन, आईटीआई सेंटर और गोदाम को भी आग के हवाले कर दिया।



इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने उमेश राय की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में भी आग लगा दी। घटना के बाद विभिन्न थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बवाल कर रहे उपद्रवियों को खदेड़ दिया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।
हालांकि तबतक करोड़ों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। गौरतलब है कि व्यामशाला की जमीन को लेकर उमेश राय और चंद्रिका राय का लंबे समय से विवाद चल रहा था। विवाद के क्रम में ही आज गाड़ी पार्किंग को लेकर दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट, रोड़ेबाजी और गोलीबारी की घटना हो गई, जिसमें गोली लगने से चंद्रिका राय के संबंधी गौतम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

# एमआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी के सरकारी आवास पर हमला

### अज्ञात लोगों ने किया पथराव

**नई दिल्ली,20 फरवरी, 2023 (ए)।**एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के अशोका रोड स्थित आवास पर कुछ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। इस संबंध में असदुद्दीन ओवैसी ने शिकायत दर्ज कराई। ओवैसी ने आरोप लगाया है कि कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव किया जिसमे उनके घर की खिड़कियों के कांच टूट गए। हमले के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद एडिशनल डीसीपी ने उनके आवास का दौरा किया है।



पुलिस ने मौके से सबूत भी जुटाए हैं और छानबीन की जा रही है। असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना के बाद का वीडियो भी अपने ट्वीटर हैंडल पर शेयर किया है। ओवैसी ने ट्वीट करते हुए कहा, 'मेरे दिल्ली आवास पर फिर से हमला हुआ है। 2014 के बाद यह चौथी घटना है। इससे पहले आज रात, मैं जयपुर से लौटा और मेरे घरेलू नौकर ने बताया कि बदमाशों के एक झुंड ने पथराव किया, जिससे खिड़कियां टूट गईं। दिल्ली पुलिस को इन्हें तुरंत पकड़ना चाहिए। यह चिंताजनक है कि यह घटना एक तथाकथित उच्च सुरक्षा क्षेत्र में हुई है। मैंने पुलिस को शिकायत दी है और वे मेरे आवास पर पहुंच गए हैं।'
प्रमुख की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है और आला अधिकारियों ने मौके का जायजा लेकर सबूत एकत्र किए हैं। पुलिस ने जांच के बाद ओवैसी के आवास से कुछ पत्थर बरामद किए हैं और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# पुलिस के जवानों की पिटाई से गर्भवती महिला के बच्चे की मौत

**नई दिल्ली,20 फरवरी, 2023 (ए)।** हरियाणा में गौरक्षकों द्वारा दो लोगों को कथित रूप से अगवा करने और उनकी हत्या किए जाने के मामले में आरोपियों में से एक के परिवार ने आरोप लगाया है कि राजस्थान पुलिस के जवानों की पिटाई के कारण उसकी गर्भवती पत्नी के बच्चे की मौत हो गई. मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए मृत बच्चे के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा. इस बीच सोमवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग(एनसीपीसीआर) ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए हरियाणा और राजस्थान के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है. एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक

मरा पैदा हुआ बच्चा, मुंह में खून, धड़कन बंद



कानूनगो ने हरियाणा के डीजीपी और राजस्थान के डीजीपी को पत्र लिख कर मामले की जांच करने को कहा है. इसके साथ प्रभावित परिवार वालों को सुरक्षा और चिकित्सीय सहायता देने को कहा है. आयोग ने दोनों राज्यों के डीजीपी को इस मामले में की जा रही जांच, एफआईआर और कार्रवाई की रिपोर्ट 48 घंटे के अंदर देने को कहा है. उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस की एफआईआर में आरोपी बनाए गए व्यक्ति की मां दुलारी देवी ने आरोप लगाया कि पिटाई के कारण उसकी बहू ने अपना बच्चा खो दिया. हालांकि राजस्थान पुलिस ने महिला के आरोपों से इंकार किया है. दुलारी देवी का बेटा श्रीकांत पंडित गौरक्षकों द्वारा दो लोगों का कथित तौर पर अपहरण औरहत्या किए जाने के मामले में एक आरोपी है.

## संपादकीय

# कब तक बची रहेगी शिव सेना ?

यह लाख टके का सवाल है कि 56 साल पहले बनी शिव सेना कब तक बची रहेगी? चुनाव आयोग ने शिव सेना को उसके संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के परिवार से छीन कर पार्टी के दूसरे नेता एकनाथ शिंदे को दे दिया है। चुनाव आयोग ने इतना बड़ा कदम सिर्फ इस आधार पर उठाया कि पार्टी में टूट हुई तो ज्यादातर विधायक और सांसद एकनाथ शिंदे के साथ चले गए थे। बाद में भाजपा ने शिंदे को समर्थन देकर उनको मुख्यमंत्री बनवा दिया। सो, शिंदे मुख्यमंत्री हैं और 2019 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीते ज्यादातर सांसद और विधायक उनके साथ हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने शिव सेना उनको सौंप दी।

शिव सेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे के पास कुछ नहीं बचा। न पार्टी बची और न उसका चुनाव चिन्ह बचा। सोचें, जो काम बाल ठाकरे के स्वाभाविक उत्तराधिकारी माने जा रहे उनके भतीजे राज ठाकरे नहीं कर पाए वह वह काम एकनाथ शिंदे ने कर दिया। शिंदे ऑटो चलाते थे और एक साधारण कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में शामिल हुए थे। अब वे 56 साल पुरानी इस पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं। लेकिन सवाल है कि पार्टी में कब तक उनकी सर्वोच्चता बची रहेगी और वे कब तक पार्टी को बचाए रख पाएंगे?

हकीकत यह है कि एकनाथ शिंदे के पास कोई ताकत नहीं है। उनकी सारी ताकत भारतीय जनता पार्टी है। वे भाजपा से मिल रही आभासी शक्तियों के दम पर राजनीति कर रहे हैं। भाजपा की ताकत और समर्थन से ही उनको शिव सेना का नाम और चुनाव चिन्ह मिल पाया है। भाजपा उनको यह ताकत दे सकती है लेकिन राजनीतिक ताकत भाजपा नहीं दे सकती है। ध्यान रहे हाल के दिनों तक भाजपा खुद ही शिव सेना की बी टीम की तरह राजनीति करती थी। इसलिए यह संभव नहीं है कि भाजपा अपने दम पर खुद को भी बड़ा बनाए और एकनाथ शिंदे को भी शिव सेना का स्वाभाविक नेता बनवा दे।

आमतौर पर क्षेत्रीय पार्टियों में नेतृत्व संस्थापक नेता के परिवार में रहता है। टीडीपी जरूर एनटी रामाराव के बेटे-पोतों के हाथ में नहीं है लेकिन उनके दामाद और नाती के हाथ में है। इन पार्टियों की सफलता का राज ही परिवार के खूंटे से बंधा होना होता है। इसलिए बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे ही रहेंगे और यह अगले चुनाव में प्रमाणित हो जाएगा। उसके बाद क्या होगा? क्य एकनाथ शिंदे शिव सेना को बचाए रख पाएंगे? जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा का मकसद शिव सेना को समाप्त करना है और वह तभी हो पाएगा, जब शिंदे पार्टी का विलय भाजपा में कर दें। भाजपा जब तक ताकतवर है वह किसी हाल में शिंदे गुट और उद्धव गुट को एक नहीं होने देगी। ऐसे में या तो शिव सेना बिना किसी ताकत के ऐसे ही एक पार्टी बनी रहेगी, जैसे बरसों तक जनता पार्टी बनी रही थी या फिर उसका विलय भाजपा में होगा। और भाजपा के बरक्स महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदुत्व की दूसरी ताकत शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे बनी रहेगी।

# बीबीसी को लेकर बढ़ता विवाद

पहले गुजरात दंगों को लेकर वीवीसी द्वारा बनाई गई डाक्यूमेंटरी को वैन किया गया। फिर कुछ दिन बाद इनकम टेक्स विभाग ने वीवीसी के दफ्तरों में जाकर अकांउट्स की जांच शुरू कर दी। ऐसा होते ही वीवीसी को लेकर वहसें होने लगीं। विपक्षियों ने इसे मीडिया की आजादी पर हमला कहा। कई का मानना रहा कि दुनिया बीबीसी की खबरनवीसी पर भरोसा करती है। मानते हैं कि खवर वनाने के उसके मानक ऊंचे हैं। उसे वैन करना बदले की कार्रवाई है। इसके वरक्स बीबीसी के आलोचक कहते रहे कि वीवीसी अव भी कॉलोनियल संस्था है। अपने पूर्व उपनिवेशों को अब भी उपनिवेश की तरह लेती है और उनके अंदरूनी मामलों में दखल देती रहती है...इसी आधार पर एक वार इंदिरा गांधी ने भी वीवीसी पर वैन लगाया था। उसके दफ्तर सील कर दिए थे। उसके स्टाफ को वापस भेज दिया था... । इस वैन का कारण था बीबीसी द्वारा देश के तव के हालात को अपने पूर्वाग्रही नजरिए से बताना । वीवीसी का नजरिया तव की जनतांत्रिक सत्ता को निरंकुशतावादी वताता था । उसकी खवरें देश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा नजर आती थीं । इसलिए इन्दिरा गांधी ने उसे वैन किया था। इन दिनों के वैन करने वाले यही कहते हैं। कि इन्दिरा गांधी ने भी तो अपने वक्त में बीबीसी को वैन किया था । हमने किया तो क्या गुनाह किया? आखिर, वह फिर से भारत की छवि को विदूपित करने के चक्कर में है। उसकी डाक्यूमेंटरी झूठ का पुलिंदा है । जव देश के सुप्रीम कोर्ट ने तव के गुजरात के सीएम और अव पीएम को गुजरात के दंगों में किसी भी प्रकार से लिप्त न पाकर, सभी आरोपों से बरी कर दिया तव वीवीसी क्यों गड़े मुरदे उखाड़ रही है? क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर है? ऐसे आलोचकों का मानना है कि गुजरात के दंगों को फिर से कुरेदना बीबीसी की नव्य औपनिवेशिक राजनीति का हिस्सा है। आलोचक मानते हैं कि इस झूठी कहानी को गढ़ा है जेक स्ट्रॉ नामक गोरे नेता ने जो खुद इंग्लैंड के इस्लामिक तत्ववादियों से जुड़ा है, जो अक्सर ऐसी झूठी खबरें गढ़कर किसी हिट मैन की तरह काम करता है। जव भारत की इकॉनमी उठान पर है, भारत को दुनिया में ताकतवर राष्ट्र के रूप में गिना जाने लगा है, दुनिया के देशों और बाजारों में छाई मंदी और मुर्दनी के बावजूद इण्डिया की ग्रोथ की कहानी सबसे बेहतरीन दर से बढ़ रही है, और उसकी इकॉनमी ने इंग्लैंड को भी पीछे छोड़ दिया है, ऐसे में यह डाक्यूमेंटरी लाई गई है। बीबीसी के आलोचक यह भी मानते हैं कि पीएम मोदी आज के भारत की तेज ग्रोथ की कहानी के महानायक हैं। भारत के विकास के सबसे बड़े प्रतीक हैं। ऐसे पीएम की छवि पर की जाती चोट, देश पर की जाती चोट है। उनकी छवि गिरती है तो इंडिया की छवि भी गिरती है और वाजार के सेंटीमेंट डाउन होते हैं। इस डाक्यूमेंटरी को इण्डिया की ग्रोथ की कहानी को डाउन करने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे वैन करना उचित है । वे यह भी कहते हैं कि सिर्फ सार्वजनिक प्रदर्शन पर ही रोक लगाई गई है, इंदिरा की तरह दफ्तर सील नहीं किए हैं, न कर्मचारियों को भगाया ही है। ऐसे आलोचक इस सबको देश के खिलाफ तिहरी साजिश की तरह देखते हैं जैसे कि पहले वीवीसी की डाक्यूमेंटरी का आना, फिर विश्व वाजार में शॉर्ट सेलिंग के उस्ताद हिंडनवर्ग की रिपोर्ट का आना और दुनिया के नंबरी सेठ अडाणी का गिरना और फिर दुनिया के सट्टाखोर अरवपति जॉर्ज सोरोस का मोदी और अडाणी के खिलाफ बोलना और अगले चुनाव में मोदी के न जीतने देने की वात कहना। एक ही पखवाड़े में एक नहीं, दो नहीं, तीन तीन हमले और वो भी विदेशी संस्थाओं के हम किसी तटस्थ व्यक्ति को यह बताने के लिए काफी है कि भारत को घेरा जा रहा है, और हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। जव सोरोस जैसा सटोरिया एक अरब डॉलर का फण्ड देकर खुलेआम इण्डिया को फेल करने, यहां के कई मीडिया व नीति संस्थानों को डॉलर देने का खेल खेलता हो, जिसके लोग हिंडनवर्ग से लेकर भारत जोड़ो तक से जुड़े दिखते हों वहां सत्ता पक्ष के तर्क और भी दमदार नजर आते हैं। फिर भी हमारा मानना है कि वीवीसी को वैन करना उचित नहीं लेकिन बीबीसी का कॉलोनियल नजरिए से काम करना भी सही नहीं ।

**अजय दीक्षित**

# भारतीय विदेश नीति,हर आपदा ग्रस्त देश उसका दोस्त

### अगला अहिंसक महाशक्ति भारत होगा

भारत में भूकंप प्रभावित तुर्कीए और सीरिया ने शरीफ मदद कर लोगों की जान बचाने के प्रयास को विश्व के हर देश ने बहुत सार्थक बताकर उसकी प्रशंसा भी की है और उस सहायता के अनुसरण में दोनों देशों को विश्व के देशों ने मदद करने का प्रयास किया है। भारत ने पाकिस्तान के कट्टर समर्थक एवं मित्र तुर्किये को बिना किसी भेदभाव के बुरे वक्त पर आर्थिक तथा मेडिकल सहायता प्रदान कर अपनी विदेश नीति को खुला एवं शांति समर्थक प्रमाणित किया है। भारत की सकारात्मक विदेश नीति और निरपेक्ष छवि पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण तथा आदर्श की तरह सामने आई है, इसी रफ्तार से यदि भारत अपनी आंतरिक क्षमता, आर्थिक नीति तथा विदेशी संबंधों को गति देती है तो इसमें कतई संदेह नहीं कि भारत आने वाले समय में आर्थिक सामरिक और वैश्विक शांति का नेतृत्व करेगा जिसके फलस्वरूप उसे शांति महाशक्ति के रूप में पूरा विश्व स्वीकार करेगा।

विगत कुछ वर्षों की कोविड-19 महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, इससे पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था इसी क्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक युद्ध की आशंका को और बलवती बना दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका के बादल मंडराने लगे हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है कि भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है एवं इसकी शांति तथा सुरक्षा की चिंता करते हुए अपनी विदेश नीति बनाता है।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत होने के कारण ही प्राचीन समय से अब तक भारत में हर जाति, हर धर्म के लोगों को शरण दी थी। उन्हें अपनाया गया फिर चाहे वह मुगल हो या अंग्रेज ही क्यों ना हो। भारत ने सभी को एक परिवार मानकर व्यवहार किया है। पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोलवीं तथा 17वीं शताब्दी में यूरोप मैं औद्योगीकरण का युग प्रारंभ हुआ और अलग-अलग देशों ने अपने-अपने उपनिवेश बनाने शुरू कर दिए और तब वसुधैव कुटुंबकम की भावना को क्षति पहुंची। तब राष्ट्रवाद का जन्म हुआ। राष्ट्रवाद एक राष्ट्र तक ही सीमित होकर रह गया है। आज पूरा विश्व अलग-अलग समूहों में बट चुका है, और अपने लाभ तथा उद्देश्यों के प्रति सजग तथा अलर्ट है। इन सभी देशों का उद्देश्य विकास और शांति का ही है। अतः सभी देशों को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बलवती करना चाहिए। अंतराष्टीय स्तर पर प्रमुख विकासवान देश इस भावना से कार्य करने पर प्रगति पर हैं, पर कुछ देश जो वैश्विक अशांति के लिए खतरा बन चुके हैं। सब दूसरे देशों सेअलग-थलग पड़ गए हैं। यह बात सर्वविदित है कि विश्व के देशों को वसुधैव कुटुंबकम की भावना से एकजुट होकर विकास की ओर अग्रसर होना चाहिए, क्योंकि विकास का मार्ग एकजुटता से होकर ही प्रशस्त होता है। अभी इस दिशा में बहुत काम करना शेष भी है। और जिस दिन विश्व के देश आपस की कटुता वैमनस्यता और मतभेद को बुलाकर एक धरातल पर आ जाएंगे उस दिन वसुधैव कुटुंबकम की सद्भावना संपूर्ण आकार ले लेगी। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अभी अमेरिका के दौरे पर संयुक्त राष्ट्र संघ स्क्वाड और अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान वसुधैव कुटुंबकम एवं वैश्विक शांति की दुनिया से पुरजोर अपील भी की है। और वैश्विक शांति के लिए कुछ देशों को इस बात से बाज आने का संकेत भी दिया है। भारत के प्रधानमंत्री की अमेरिका सफल यात्रा के बाद पूरे विश्व में भारत का कद तो ऊंचा हुआ ही है, इसके साथ ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना भी बलवती हुई है। इसी भावना के साथ भारत देश को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। यदि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का छठवां सदस्य बनता है, तो यह भारतीय गणतंत्र की बड़ी सफलता होगी। भारत के ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भारत ने अपनी वैश्विक विदेश नीति के तहत एक प्रमुख नीति बनाकर विश्व में शांति तथा विकास की बात हमेशा दोहराई है। आज हम इस मुकाम पर खड़े हैं कि भारत देश की बात विश्व के देश बड़ी शांति और पूरे ध्यान से सुनते हैं। कई देशों ने आपसी भाईचारे पर अमल करना भी शुरू कर दिया है। यह भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता भी है। वसुदेव कुटुंबकम जियो और जीने दो तथा वैश्विक शांति के मार्ग पर भारत चलकर वैश्विक गुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यह भारत का अमोघ अस्त्र साबित होगा जिससे विश्व में शांति सौहार्द और विकास स्थापित होने की संभावना बलवती होगी।



**संजीव ठाकुर**
रायपुर छत्तीसगढ़

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मातृभाषा संवर्धन का दिन

यूनेस्को ने नवंबर 1999 में सभी लोगों, समुदायों, क्षेत्र व देशों की मातृभाषा को संरक्षण प्रदान करने के लिए 21 फरवरी का दिन अंतर्राष्टीय मातृभाषा के लिए समर्पित किया।

यूनेस्को ने 17 नवंबर 1999 को अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी कि 21 फरवरी 1952 को ढाका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन पाकिस्तान सरकार की भाषायी नीति का कड़ा विरोध जताते हुए अपनी मातृभाषा (बंगाली भाषा) के अस्तित्व बनाए रखने के लिए आंदोलन शुरु किया। पाकिस्तान की पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी लेकिन लगातार विरोध जारी रहा आखिर सरकार को बांग्ला भाषा को आधिकारिक दर्जा देना पड़ा।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनिया में बोली जाने वाली कुल भाषाएं लगभग 6900 से उपर है। इनमें से 90 फीसद भाषाएं बोलने वालों की संख्या एक लाख से कम है यानी विलुप्ती के कगार पर है । दुनिया की कुल आबादी में करीबन 60 फीसद लोग 30 प्रमुख भाषाएं बोलते हैं, जिनमें से दस सर्वाधिक बोले जानी वाली भाषाओं में- जापानी, अंग्रेजी, रुसी, बांग्ला, पुर्तगाली, अरबी, पंजाबी, मंदारिन, हिंदी और स्पैनिश है।

भारत में 29 भाषाएँ ऐसी है उनको बोलने वालों की संख्या दस लाख से अधिक है। भारत में 7 ऐसी भाषाएँ है जिनको बोलने वालों की संख्या एक लाख से अधिक है। भारत में 122 भाषाएँ ऐसी है उनको बोलने वालों की संख्या दस हजार से अधिक है। भारत में भी मातृभाषा की विविधता पर्याप्त है। यहां संविधान में भी कई स्थानीय भाषायें सम्मलित है।

इस दिन यूनेस्को(ह्श्वस्ष्ह्) और यू.एन.(ह्) एजेंसियां दुनियाभर में भाषा और कल्चर से जुड़े अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित कराते हैं। जिसका मकसद दुनियाभर में अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना है। हर साल इस खास दिन का एक खास थीम होता है। इस अवसर पर हर साल वर्ष 2000 से ही एक थीम को रखा जाता है। 2008 का थीम मैत्री संस्कृति के लिए अंतर्राष्टीय वर्ष घोषित किया गया था 2010 का थीम मैत्री संस्कृति के लिए अंतर्राष्टीय वर्ष था वही 2020 का थीम था- विकास, शांति और संधि में देशज भाषाओं के मायने है। वही इस वर्ष (2023) इस का थीम है-बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा के बदलने की आवश्यकता है। आशा है धीरे-धीरे सारी दुनिया मातृभाषा की ओर एक दिन अवश्य अग्रसर होगी।



**लाल बिहारी लाल**
नई दिल्ली

# साहित्य संस्कार और संवेदना का पर्याय बना प्रभा श्री

एक लक्ष्य, एक ध्येय, एक उद्देश्य, और दो व्यक्ति ! कुछ ऐसे आरम्भ हुआ था प्रभा श्री का, आज से 4 वर्ष पूर्व । तब से अब तक साहित्य यात्रा अनवरत जारी है। विभिन्न माध्यमों से साहित्यकारों को मंच प्रदान करना, सम्मान एवं नाम आगे बढ़ाने का जरिया देना, प्रभा श्री ग्रुप की सभी संस्थाएं इस कार्य में पूरी संलग्नता के साथ लगी हैं । आज प्रभा श्री साहित्य जगत में कोई नया नाम नहीं रह गया है । अब तक 10 हज़ार से अधिक रचनाकारों को मंच पर आमंत्रित तथा सम्मानित किया जा चुका । दिल्ली, भोपाल तथा बनारस में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अब तक 1800 से अधिक कवि/ शायर काव्य पाठ करके सम्मानित हो चुके । विगत 4 वर्षों में 54 किताबें प्रकाशित की जा चुकीं । प्रभा श्री अवसादग्रस्त एवं कुंठाग्रस्त महिलाओं को स्वाभिमानी एवं आत्मविश्वासी बनाने तथा उनके व्यक्तित्व को उभारने तथा बालिका शिक्षा की दिशा में भी कार्य करता है । नव पीढ़ी को उत्तम आचार, विचार, व्यवहार, संस्कार की कक्षाएं चलती हैं। समाज के अंतिम छोर तक कुछ मूलभूत सहायता तथा राशन आदि की व्यवस्था इत्यादि किये जाते हैं । प्रभा श्री न सिर्फ स्थापित प्रसिद्धि प्राप्त कवियों को अपितु साथ ही साथ नवांकुरों को भी उतने ही आदर से मंच प्रदान करता रहा है । इसी श्रृंखला में काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी ÷स्वाती÷ (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री ÷गीत÷ (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। गत रविवार 20 फरवरी के इस कवि सम्मेलन में जाने माने कवि सौरभ जैन सुमन के विशेष आतिथ्य में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम प्रमोद कुमार स्वामी (नरसिंहपुर), प्रतिभा मिश्रा (वाराणसी), कपिल पालीवाल (उदयपुर), डॉ0 ज्योत्सना गुप्ता (लखीमपुर खीरी), डॉ0 हेमलता रानी (दिल्ली)। सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। कवि सौरभ सुमन ने पुलवामा के शहीदों को काव्यांजलि अर्पित की, मंच को अद्भुत शौर्य और राष्ट्रप्रेम की भावना से भर दिया । साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच तथा अन्य क्रियाकलापों की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोता दीर्घा से हरदा के जाने माने ग़ज़लकार जयकृष्ण चांडक, वाराणसी के प्रताप शंकर दुबे एवं दिल्ली की शिक्षिका डॉ0 वनिता शर्मा ने अपनी एक-एक शानदार ग़ज़ल से महफ़िल लूट ली। तत्पश्चात मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की ग़ज़ल के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। प्रियंका अग्निहोत्री ÷गीत÷ (काशी) ने बताया कि यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उन्हीं की प्रेरणा से तथा माँ वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी ÷स्वाती÷ के स्नेहिल मार्गदर्शन में आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

# प्रसिद्धि पाने का शॉर्टकट क्या यही है

जैसे उब चुका संसार एक समय की लाज शर्म के गहनों से लदी और दहलीज़ के भीतर सलिके से रहती लड़कियों के रहन सहन से, वैसे वापस कब नफ़रत करेगा संसार दिन ब दिन कपड़े कम करके वसुधा पर सरे-आम नग्नता का नंगा नाच दिखा रही लड़कियों से÷

एक ज़माना था कि हाथ और चेहरे के सिवाय औरतों का कोई और अंग पर पुरुष देख ले तो औरत शर्म से पानी-पानी हो जाती थी। दूसरी बार भूले से उस पुरुष के सामने आने से कतराती थी। पर आजकल की लड़कियाँ दावत देती है मर्दों को कि आओ मेरे तन की भूगोल का कोना-कोना पढ़ लो, फिर पढ़ कर अपनी वासना को जगाओ और वासनापूर्ति के लिए जहाँ भी किसी लड़की को अकेला पाओ मसल ड़ालो।

उर्फ़ी जावेद से लेकर वेब सीरिज़ों में काम करने वाली लड़कियों ने समाज का बेड़ा गर्द करके रख दिया है।

कहने का मतलब ये हरगिज़ नहीं की लड़कियाँ बुर्के में रहो, सर से पाँव तक कपड़ों से ढ़की रहो। कहने का मतलब इतना ही है कि खुद ही अपनी इज्जत सरेआम अपने ही हाथों से उतारा न करो, तुम्हारी ऐसी हरकतों का खामियाजा मासूम बच्चियों को चुकाना पड़ता है। कभी ये सोचा है? सड़क पर नाम मात्र के कपड़े पहनकर तस्वीरें खिंचवा तुम रही हो, पर तुम्हारे तन से लालायित होकर दरिंदे भूखे भेड़िये बनकर बलात्कारी बन जाते है। इस बात में बिलकुल भी अतिशयोक्ति नहीं कि 50त्न बलात्कार ऐसी घटिया लड़कियों की बदौलत ही होते है।

आजकल लड़कियों को फ़ेमश होने का, खुद को लाईमलाइट में रखने का और पब्लिसिटी के साथ पैसे कमाने का शोर्टकट मिल गया है। कपड़े उतारो पूरी कायनात पर छा जाओ। कोन्ट्रोवर्सी खड़ी करो लोगों को आकर्षित करो। नंगेपन को अपनाकर शर्मो, हया जैसे गहने को उतार फेंका है। जो लड़कियाँ कहीं पर नहीं चलती, हुनर के नाम पर ज़ीरो होती है वो कपड़े उतारकर हीट हो जाती है। बहोत बड़ी विडंबना है ये आज के जमाने कि, अगर आपसे कुछ भी नही हो पाता तो आप नंगे हो जाओ। ना मेहनत न, कुछ पाने की जद्दोजहद बस कपड़े उतारो, सड़क पर नाचो अपना जिस्म दिखाओ आपका काम बन गया। साथ में पैसा तो खुद ही आने लगेगा। इसमें सिर्फ़ ऐसी घटिया मानसिकता वाली लड़कियों का ही दोष नहीं, क्योंकि समाज भी चाहता ऐसे नंगे लोगो को देखना। कुछ लोग ऐसे है जो इनकी सराहना करते इन्हें बोल्ड़नेस का खिताब भी दे देते है, जो ऐसी लड़कियों को और नीचे गिरने के लिए प्रेरित करता है। वाकई देश ने क्या तरक्की की है। कोई माँ बाप कैसे सह लेते होंगे अपनी लड़की का ऐसे सड़क पर खड़े रहकर अश्लीलता फ़ैलाना या सीरिज़ों में काम करने के बहाने कपड़े उतारना।



बात करें फोटोग्राफ़र्स की तो ऐसी लड़कियों को इतनी तवज्जों देते है जैसे कोई आसमान से परी उतरकर आई हो, या कोई देवी का अवतार। मैड़म इस तरफ़ देखिए, मैड़म ऐसा पॉज़ दीजिए! अरे भाई देश में और कितने सारे मसले और मुद्दे पड़े है उनको उजागर करो न क्यूँ नग्नता को बढ़ावा दे रहे हो। ऐसी लड़कियाँ अपने आप को कुछ समझते फोटोग्राफ़र्स को भाव तक नहीं देती फिर भी बेवकूफ़ों की तरह फोटो लेने की होड़ में खुद की बेइज्जती करवा रहे होते है। आगे पुलिस की बात करें तो दो पैसे कमाने के जुगाड़ में शांति से बैठकर धंधा करने वाले लारी ठेले वाले गरीब मजलूमों को डंडे दिखाकर धौंस जमाते रहते है, पर नाम मात्र के कपड़े में सड़क पर खड़े रहकर नग्नता का प्रदर्शन कर रही लड़कियों के ख़िलाफ़ कोई एक्शन नहीं लेंगे। क्या समाज में फैल रही अश्लीलता रोकना पुलिस की ड्यूटी नहीं है? हाथ खिंचकर दो रात थानें की हवा खिला दो सुधर जाएगी।

ऐसी लड़कियाँ आने वाली पीढ़ी की लड़कियों को क्या संदेश देना चाहती है, क्या सीखाना चाहती है? कहाँ जा रहा है हमारा समाज, क्यूँ किसीकी नज़र में ये गंदगी चुभती नहीं? सच में समाज के लिए ये बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। अगर बेटियों की आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कारित बनाना है तो ऐसी बेशर्म लड़कियों की हरकतों पर रोक लगाना बेहद जरुरी है।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

## लोग जिंदा हैं पर

लोग जिंदा हैं पर रिश्ते मर गए,
प्यार था जो कुनबा लालच में उजड़ गए,
मां,भाई,बहन रिश्ते होते हैं बहुत प्यारे,
सगे होकर भी भूल जाते हैं सारे,
जिंदगी चल रही जैसी चलनी थी
लोभ इतना प्यारा सब कर देते हैं किनारे,
जम जाती है संबंधों के तार पर
स्वार्थ की मोटी परतें
कितना कच्चा था प्यार
कांच के टुकड़े सा बिखर गए,
लोग जिंदा हैं पर रिश्ते मर गए,
चंद खनकती सिक्के,
जमीं के कुछ टुकड़े,
जिससे प्यार उमड़ा अथाह,
पर रिश्ते और भरोसे जैसे हुए गुनाह,
स्वहित के नजरों से दिखे सब कुछ स्याह,
अब समझ आया कैसे नहीं होता निबाह,
खून के रिश्तों से भी
किए वादों से मुकर गए,
लोग जिंदा हैं पर रिश्ते मर गए।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

## सुनो ध्यान से बेटियाँ

विकसित होता देश है,
फिर भी छोटी सोच।
हाथ बढ़ा धन माँगते,
करे नहीं संकोच।।
इर्द गिर्द हैं घूमते, जैसे उड़ते बाज।
रचे स्वांग मानव यहाँ,
सर पर पहने ताज।।
लालच कितना मन भरा,
दौलत रखे अमीर।
नहीं गरीबी देखते,
रखे कभी ना धीर।।
सुनो ध्यान से बेटियाँ,
बदल रहा परिवेश।
हो गर अत्याचार तो,
दर्ज करो तुम केश।।
कलयुग का यह दौर है,
सभी चटाओ धूल।
जिनके मन में मैल हो,
चुभे उन्हें भी शूल।।
कितने राक्षस घूमते, करते माँग दहेज।
तुम कलयुग की बेटियाँ,
बनो सूर्य सा तेज।।
करे नौकरी बेटियाँ,
भरती गगन उड़ान।
हैं लक्ष्मी का रूप वे,
उनको दो सम्मान।।
स्नेह मिले माँ बाप सा,
ऐसी हो ससुराल।
ये बेटी है या बहू, पूछे लोग सवाल।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

## गीत

फूली सरसों खेतों में इतराए
समां बंध जाए,कोयलिया गाए
मगन मल्हार है रुत आई बसंत
बहार है।
अलि खोले कली की घूंघट ,
अली चली पनघट,पैजनियां की
गूंजे झंकार है
रुत आई बसंत बहार है।
प्यारी तितली, रंगी पंख खोले
फूल- फूल डोले मधुमास में
मतवाली बयार है ।
मेरे मन को महुआ महकाए
पपीहा बहकाए पी को बुलाए
भर आंखों में खुमार है
रुत आई बसंत बहार है।



**प्रतिभा कुमारी**
त्रिवेणीगंज ,सुपौल,बिहार

## ऐसी हूँ मै

सूरज की पहली किरणों वाली
चिड़िया के करलव सी प्यारी
नींद से जागने वाली, ऐसी हूं मैं।
ठंडी मस्त हवाओं वाली
अदरक वाली चाय की प्याली
चुस्की का दम
भरने वाली ऐसी हूँ मैं।
झट से काम निपटाने वाली
स्वादिष्ट व्यंजन बनाने वाली
नान पराठा रोटी
वाली ऐसी हूँ मैं।
तपती धूप में छाया वाली
छाछ,लस्सी, शिकंजी वाली
ठंडी कुल्फी मतवाली ऐसी हूँ मैं।
इंद्रधनुषी के सुनहरी रंगों वाली
सुरमई शाम रंग बहारों वाली
फूलों भरी सुंदर
फुलवारी ऐसी हूँ मैं।
निशा हूँ मैं चमकीले तारों वाली
चंदा जैसी बिंदिया वाली
मन की चंचल और
मधुरभाषी ऐसी हूँ मैं।



**सरिता प्रजापति**
दिल्ली

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# भाजपा की सरकार बनाने में ओबीसी मोर्चा बड़ी भूमिका निभाएगाःतुलसी कौशिक




- संवाददाता -
बतौली,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सरगुजा जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण कल बैठक मंगल भवन बतौली में ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी तुलसी कौशिक के मुख्य आतिथ्य, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे के विशिष्ट आतिथ्य तथा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर मोर्चा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी तुलसी कौशिक ने कहा कि ओबीसी मोर्चा पर भाजपा संगठन की आगामी चुनाव को लेकर बहुत सारी उम्मीदें हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में पिछड़ा वर्ग मोर्चा बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। आगे उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यक्रमों व गतिविधियों का वृत्त लेते हुए कार्यकर्ताओं से पिछड़ा वर्ग समाज को भाजपा से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व मोर आवास मोर अधिकार अभियान प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं से मोर आवास मोर अधिकार अभियान के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा का महत्त्वपूर्ण अंग है मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी जिले के प्रत्येक बूथ में ओबीसी मोर्चा की टीम खड़ा करने का काम जल्द से जल्द पूरा करें ताकि आने वाले चुनाव में मोर्चा प्रभावी ढंग से अपना काम कर सके। इस अवसर पर भाजपा जिला संवाद प्रमुख व मोर्चा प्रभारी संतोष दास ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज भाजपा के स्थाई वोटर हैं जहां जहां पिछड़ा वर्ग समाज के लोग निवास करते हैं उन बूथों में भाजपा को लीड मिलती है, सरगुजा संभाग की समान्य सीटें पिछड़ा वर्ग समाज की बहुतायत संख्या के कारण हैं ऐसे क्षेत्रों में ओबीसी मोर्चा अपना संपर्क बढ़ाए। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि ओबीसी मोर्चा का काम बहुत व्यापक है छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में ओबीसी समाज की बहुत बड़ी संख्या है और यह समाज लंबे भाजपा से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा आगामी चुनाव में भाजपा का अग्रणी मोर्चा बनेगा। रायपुर प्रदेश मोर्चा की बैठक में तय कार्यक्रमों के संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी मार्च महीने में ओबीसी समाज का सम्मेलन आयोजित करना है। कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री देवनाथ पैकरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, प्रोफेसर गोपाल राम, बंशीधर उरांव, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री द्वय जितेंद्र सोनी व हरि गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष मयंक जायसवाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता जमुना यादव, अनिल गुप्ता, सरोज गुप्ता, बिंदु भगत, रामप्रवेश पांडे, आर डी चौहान, संदीप सोनी, प्रभु यादव, अमित गुप्ता, महेश जायसवाल, मोती गुप्ता, संजीव सेठ, अजय सोनी, गणेश कुशवाहा, मयंक जयसवाल, रोहित कुशवाहा, प्रभात विश्वास, बालेश्वर यादव, त्रिलोचन सदावर्ती, संजय जायसवाल, श्याम शंकर ठाकुर, राजेंद्र गुप्ता, बनारसीदास, लक्ष्मण यादव, इंद्रदेव गुप्ता, बृजभूषण बेहरा, केदार यादव, अजय सोनी कुन्नी, सुरेश पातर, शंकर यादव, राम प्रसाद कुशवाहा,राजू पांडे, धर्मेंद्र यादव, अतीश सिंह, राजेश राठौर, पप्पू यादव, राहुल यादव, रज्जू राम, निशांत गुप्ता, अनिल गुप्ता, अमित गुप्ता, ललिता भगत, विशाल गुप्ता, शिवमंगल यादव, विश्वनाथ यादव, सूरज बहादुर यादव, आशीष गुप्ता, नितिन गुप्ता, सतनारायण गुप्ता, चंदर मिंज सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्वव्यापी एनजीओ वीलवयू के सदस्यों ने कियान 100 यूनिट रक्तदान




- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव एवं रेडक्रॉस सोसायटी, सरगुजा के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव की पहल पर विश्वव्यापी एनजीओ वीलवयू के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल, अम्बिकापुर में व्यापक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।इस दौरान इस एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने करीब 100 यूनिट रक्तदान किया था। वीलवयू एक अन्त र्राष्ट्रीय एनजीओ है, जिसका गठन दक्षिण कोरिया में हुआ था। दक्षिण कोरिया के जांग गिल झा इसके प्रमुख हैं। यह संस्था प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से रक्तदान शिवर का आयोजन करता है। इस संस्था के स्थानीय प्रभारी पॉल राफेल एक्मुपुरम ने जानकारी दी कि इस मुहीम के तहत वैश्विक स्तर पर इस वर्ष अम्बिकापुर में आयेजित यह 520 रक्तदान शिविर था। इस शिविर में 200 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य था, जिसके लिये एनजीओ के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। हालांकि विभिन्न परिक्षणों के उपरांत करीब योग्य रक्तदाताओं से करीब 100 यूनिट खून का संग्रहण हुआ है। वीलवयू फाउंडेशन के प्रतिनिधी पॉल रफेल एक्मुपुरम ने जानकारी दी कि रेडक्रॉस सोसायटी, सरगुजा अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव की पहल पर उनका एनजीओ रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा के साथ एक एमओयू हस्ताक्षर करने जा रहा है, जिसके तहत उनके कार्यकर्ता प्रतिवर्ष सैकडो यूनिट रक्तदान करेंगे। आज आयोजित रक्तदान शिविर के उपरांत रक्तदान में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को महापौर डॉ0 अजय तिर्की ने प्रशस्तीपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा, आशीष वर्मा, अविनाश कुमार, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति, अस्पताल अधीक्षक आर्य, बल्ड गैंक के नोडल अधिकारी डॉ विकास पाण्डेय के साथ ही वी लव यू फाउॅडेशन के सैकडो कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# कोयला अफरा-तफरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

» **फर्जी तरीके से ट्रक का नंबर प्लेट बदलकर की गई थी कोयला की अफरा-तफरी**

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



ग्राम गेतरा निवासी अहिबरन सिंह ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह डीओ के आधार पर खदानों से कोयला का ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करता है। दिनांक 06.07.22 को ट्रक क्रमांक यूपी 65 एचटी 5283 का अज्ञात चालक द्वारा गायत्री खदान से उक्त ट्रम में 27980 मिट्रिक टन कोयला कीमत करीब 2 लाख 10 हजार रूपये का लोड करके गंतव्य स्थान अंजनी स्टील लिमिटेड गेरवानी रायगढ़ ले जाने हेतु निकला था जो गंतव्य स्थान अंजनी स्टील लिमिटेड गेरवानी रायगढ़ नहीं पहुंचा, काफी खोजबीन करने के बाद भी ट्रक चालक व कोयले का पता नहीं चला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 391/22 धारा 420, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कोयला अफरा-तफरी करने वाले ट्रक चालक व कोयले की पतासाजी करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस दिगर राज्य उड़ीसा व उत्तरप्रदेश के ट्रांसपोर्टरों से उक्त मामले में बारीकी से जानकारी ली गई और साइबर सेल की भी मदद ली गई। काफी गहनता से पतासाजी करने के बाद ग्राम खानेआजमपुर, थाना राबर्टसगंज जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश निवासी प्रदीप कुमार पिता रामभवन उम्र 32 वर्ष की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर उसे पकड़ा गया। हिकमत अमली से पूछताछ किए जाने पर उसने बताया कि दिनांक 05.07.22 को ट्रक क्रमांक यूपी 65 एचटी 5283 का नंबर प्लेट को फर्जी तरीके से ट्रक क्रमांक यूपी 61 एटी 3981 में लगाकर गायत्री खदान से मुन्ना सिंह उर्फ प्रभाकर सिंह पिता भारत भूषण सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी वसुंधरा बिहार गोधनपुर अम्बिकापुर के कहने पर कोयला को गंतव्य स्थान न ले जाकर अम्बिकापुर में ईट भट्ठा में बिक्री करना बताया। विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त ट्रक यूपी 61 एटी 3981 को जप्त कर आरोपी प्रभाकर सिंह उर्फ मुन्ना एवं प्रदीप कुमार के द्वारा कोयला अफरा-तफरी करना पाए जाने पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, एएसआई अरूण गुप्ता, अदीप प्रताप सिंह, विवेकानंद सिंह, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, रवि पाण्डेय, दीपक दुबे, युवराज यादव एवं रौशन सिंह सक्रिय रहे।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया छत्रपति शिवाजी की जयंती

अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अंबिकापुर नगर के कार्यकर्ता द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। जिसमे प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री दीपक गुप्ता,नगर मंत्री यश राज सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आर्यन गुप्ता, नगर कार्यकारिणी सदस्या अंश पांडे, इशू केशरवानी, सौरभ, हनी एवम अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



श्री हंस विद्या निकेतन स्कूल सोनपुर (मसगा) विकासखंड प्रतापपुर में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी के कार्यक्रम का संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने कहा आप ग्रामीणों के मांग अनुसार एक सेट निर्माण का घोषणा भी जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी जिला पंचायत सीओ कलेक्टर से अनुमोदन कराकर निश्चित रूप से आप लोगों के यहां ग्रामीणों के मांग अनुसार सेट निर्माण सुकृत किया जाएगा गया। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत गाते हुए शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को मुख्य अतिथि आयाम व अन्य अतिथियों ने प्रमाण पत्र, मेडल व ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष जगत लाल पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश सचिव नवीन जायसवाल, दिव्यांग संघ प्रदेश अध्यक्ष सुमंत प्रजापति, उप सरपंच शिव कुमार जायसवाल , राम प्रताप सिंह, सरपंच दिलबसिया सोनपुर, स्कूल की संचालिका गीता सखन आयाम, प्राचार्य राजेश कुमार देवांगन, शीतल प्रसाद सिंह, शिक्षिका सरिता सिंह केराम, शुशीला विश्वकर्मा, गीता पोया, वाहन चालक राम बरत, स्कूल समिति के अध्यक्ष धन मोहर सिंह, सुखनंदन सांडिल्य, समयसाय, फुलबसिया , सतीश ,अंकित सिंह, बच्चे व उनके अभिभावक व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ज्वेलरी दुकान से उठाईगिरी करने के मामले में एक अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

» **1 लाख 25 हजार रूपये कीमत के सोने के जेवरात बरामद**

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।






रामानुजनगर निवासी चन्द्रदेव सोनी ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जुलाई को स्वास्थ्य खराब होने पर जेवर दुकान को लड़का रितिक खोला था इसी दौरान 2 अज्ञात व्यक्ति काले रंग की पल्सर मोटर सायकल से दुकान पहुंचे और लॉकेट व चांदी का आभूषण दिखाने को बोले काफी देर के बाद दोनों वस्तु को खरीदे इसी बीच रितिक का ध्यान भटकाकर सोने का मंगलसूत्र 6 नग को चोरी कर अपने बैग में रखकर चले गए जिसकी जानकारी कुछ देर बाद हुई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 451, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।वहीं दूसरे मामले में दिनांक 27.08.22 को प्रेमनगर निवासी बृजमोहन प्रसाद सोनी ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अगस्त को दोपहर में दो अज्ञात व्यक्ति इसके ज्वेलरी दुकान में आकर करीब 50 ग्राम सोने का लॉकेट चोरी कर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 130/22 धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू) ने उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने थाना रामानुजनगर व प्रेमनगर की संयुक्त पुलिस टीम गठित कर लगाया। दोनों ही मामलों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने भी कई जरूरी निर्देश पुलिस को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा दोनों ज्वेलर्स दुकान सहित कई सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला गया जो दोनों ज्वेलर्स पर वारदात को अंजाम देने वाले 2 व्यक्ति वहीं थे। विवेचना के दौरान साइबर सेल की भी मदद ली गई इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि वारदात में बुढ़ार-शहडोल निवासी के द्वारा अंजाम दिया गया है जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर संदेही युसुफ अली जाफरे उम्र 50 वर्ष निवासी बुढार, टिकरी टोला वार्ड क्र. 15, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने 1 साथी के साथ मिलकर पहले रामानुजनगर फिर प्रेमनगर स्थित ज्वेलर्स दुकान से सोने के जेवरात को चोरी किए। पूछताछ पर आरोपी ने यह भी बताया कि चोरी से पहले ज्वेलर्स दुकान की रेकी करते थे और दुकान में सोने की जेवरात की खरीदी करने के दौरान दुकानदार का ध्यान भटकार जेवरात पर हाथ साफ करते थे। मामले में आरोपी के निशानदेही पर 1 नग मंगलसूत्र व 4 नग सोने का लॉकेट कीमती करीब 1 लाख 25 हजार रूपये का बरामद कर आरोपी युसुफ अली जाफरे को गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले में 1 आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर रूपेश कुंतल, थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई निर्मल राजवाड़े, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक दीपक यादव, बेचूराम सोलंकी, धनंजय साहू, रामसागर साहू, मितेश मिश्रा, कौशलेन्द्र सिंह, सैनिक पंकज पटेल, नरेन्द्र साहू व मानसाय सक्रिय रहे।

# निगरानी के लिए अधिकारियों को फुर्सत नहीं

» **ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद सरकारी भवन बन रहे लाल ईंटों से**

- ओंकार पाण्डेय -
सूरजपुर,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।





नगर सहित ग्रामीण अंचल में प्रशासन द्वारा कराये जा रहे कंस्ट्रक्सन कार्य में अनिमियता बरती जा रही है। सम्बंधित निर्माण एजंसियों व ठेकेदारों द्वारा शासन की नियमों को ताक में रखकर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इससे अधिकारी-कर्मचारियों की भी कार्यशैली को प्रश्नचिन्ह लग रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा जब भी कोई भी निर्माण कार्य का वर्क आर्डर जारी किया जाता है, जहां निर्माण कार्य की लागत के अनुसार राशि स्वीकृत की जाती है। किन्तु ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत के चलते व ज्यादा कमाई के चक्कर में निर्माण कार्य में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। यही कारण है कि कई निर्माण कार्य समय से पहले ही जर्जर हो हो रहे है। कई तो निर्माण होने के बाद भी हैंड ओवर नही हुआ है और जर्जर हालत हो गई है। ठीक ऐसा ही एक मामला सूरजपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचिरा में देखने को मिला है यहां अतिरिक्त कक्ष भवन का निर्माण किया जा रहा करीब 9 लाख की लागत से निर्माण हो रहा है, जहां ठेकेदार कमाई के चक्कर में फ्लाईऐश ईंट की जगह गारा मिट्टी के लाल ईंट से निर्माण किया जा रहा है। यही नही ठेकेदार भी लाल ईंट में ऊपर से सीमेंट का लेप लगाकर लाल ईंट को छुपाने की कोशिश करते हुए देखे जा सकते है। मिट्टी का ईट का उपयोग कर रहा है खर्च करने की राशि बचाई जा रही है। यही नही ग्रामीणों ने बताया कि घटिया निर्माण भी किया जा रहा है भवन को समतल करने अवैध तरीके से भी मुरूम का उत्खनन कर राजस्व के भी चूना लगाने पीछे नही हट रहे यहां अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करना व लाल ईंट पर रोक लगाने पहल नही करना मिली भगत की ओर भी ईशारे करती है। जबकि शासन प्रशासन द्वारा लाल ईट पर प्रतिबंध कर दिया गया है। कोई भी निर्माण कार्य में फ्लाईऐश का ही उपयोग करने जोर दिया जा रहा है। इससे शासन का राजस्व का ही नुकसान हो रहा है।

कई बार जिला पंचायत सीईओ व जनपद सीईओ को फोन किया गया लेकिन फोन उठाना उचित नहीं समझते

संबंधित जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम व जनपद पंचायत सीईओ आकांक्षा त्रिपाठी से संपर्क कर उनका पक्ष जानने की कोशिश किया गया पर उन्होने मोबाईल रिसीव नही किया. जिससे उनका पक्ष ज्ञात नही हो सका।

# 4 वर्षो से उड़ीसा में फंसा व्यक्ति पुलिस के सहयोग से लौटा अपने घर

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।




भटगांव क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति दिनांक 17.10.19 को अपनी पत्नी को सूरजपुर जा रहा हूँ कहकर घर से निकला था जो करीब 4 वर्ष तक घर वापस नहीं आया था, परिजनों के द्वारा लगातार पता तलाश करते रहे और दिनांक 15.02.2023 को थाना भटगांव में इसकी सूचना देते हुए बताए कि वह उड़ीसा में कहीं काम कर रहा है वापस नहीं आ पा रहा है। मामले की सूचना से पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने थाना प्रभारी भटगांव को उड़ीसा में फंसे व्यक्ति को सकुशल घर वापसी को लेकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा के द्वारा गुम इंसान की पतासाजी गंभीरतापूर्वक करते हुए नई तकनीक की मदद ली गई जिसके बाद पुख्ता तौर पर यह जानकारी हासिल हुई कि वह व्यक्ति थाना थेलकोली, जिला संबलपुर उड़ीसा में है। थाना थेलकोली के थाना प्रभारी से सम्पर्क कर उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देते हुए उसके परिजनों का पूरा ब्यौरा ई-मेल और वाट्सएप के माध्यम से भेजा गया तथा उस व्यक्ति को उसके परिजनों के पास भेजने में सहयोग करने कहा गया। घर से निकला व्यक्ति अपने घर नहीं आ पा रहा था और स्टील फैक्ट्री में काम कर रहा था जिसे उड़ीसा पुलिस के सहयोग से 4 वर्षो के बाद वह दिनांक 20.02.23 को अपने घर ग्राम कसकेला पहुंचा जिसके परिजनों के चेहरे खिल उठे, घर में इसी माह उसकी पुत्री का विवाह भी है जिसके कारण भी परिजनों में खुशी का माहौल है, पुलिस की संवेदनशीलता पूर्वक किए गए कार्य पर परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई सी.पी.तिवारी, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक युवराज यादव, रौशन सिंह, प्रहलाद, शैलेष, रामचंद्र, रजनीश व भोला राजवाड़े सक्रिय रहे।

CMYK

# ग्राम पंचायतों में सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया

- संवाददाता -
प्रतापपुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।




हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान प्रतापपुर ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सिंह देव व अन्य की उपस्थिति में मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह के स्वेच्छानुदान मद से विभिन्न नृत्य को सहयोग राशि देने की घोषणा की गई।

अभियान के तहत पदयात्रा हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटीगड़ा तथा सिंगरी में की गई,कुमार सिंह देव के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने एक एक मोहल्ले में पदयात्रा की और ग्रामीणो से जनसम्पर्क किया।यह अभियान चलाने का उद्देश्य बताते हुए ग्रामीणों को भाजपा की देश और जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया।इन गांवों में भ्रमण के दौरान उन्होंने हरिहरपुर में 14 लाख, परमेश्वरपुर यहां पर भी 15 लाख, माटीगड़ा में 14 लाख तथा ग्राम पंचायत सिंगरी में 15 लाख की लागत से बनने वाले सीसी सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया।ग्रामीणों की मांग पर प्राथमिक शाला सिंगरी में नवीन भवन निर्माण का आश्वासन दिया गया तथा सुग्गा और शैला नृत्य दल को स्वेच्छानुदान मद से दस दस हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की गई।अभियान के दौरान आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए कुमार सिंह देव ने ग्रामीणों से कहा कि केंद्र में मोदी सरकार की अक्षमता, जन-विरोधी नीतियाँ, विभाजनकारी और विनाशकारी राजनीति के कारण देश में गंभीर बेरोजगारी, महंगाई, वित्तीय संकट है,देश में आर्थिक बर्बादी की स्थिति निर्मित हो गई है।उन्होंने कहा कि देश राजनेता नहीं बल्कि उद्योगपति चला रहे हैं,समय आ गया है कि इस विकट स्थिति से देश को बचाने हम सब एकजुट हों और केंद्र की भाजपा सरकार को सबक सिखाते हुए उखाड़ फेंके।उन्होंने कहा कि आप केन्द्र में पूर्व की कांग्रेस सरकार के कामों को याद कीजिये,चारों तरफ विकास ही विकास था,सरकार में आमजनता की भागीदारी होती थी और देशहित में काम होते थे।वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार भी कांग्रेस की नीति के अनुरूप काम करते हुए प्रदेश के चहुमुखी विकास और यहाँ स्वाभिमान में लिए काम कर रही है।हमारे विधायक और मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने हमेशा प्रतापपुर की चिंता की और यहां को लेकर अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से किया है जिस कारण प्रतापपुर की पहचान पूरे राज्य में है।यहां के विकास और जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने बड़े शासकीय कार्यालय,स्कूल कॉलेज खुलवाए,सड़क पूल पुलियों का निर्माण कराया।इन चार सालों में भी उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में क्षेत्र को विकास की कई सौगातें दी हैं जो आने वाली पीढ़ी का भविष्य गढ़ने का काम कर रही हैं।उन्होंने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का उद्देश्य आप सभी को संगठित करना है और जिस तरह का समर्थन हमें मिल रहा है अगली सरकार आपकी,कांग्रेस की होगी।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बनवारीलाल गुप्ता,एसईसीएल में मंत्री प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, नगर पंचायत जरही के अध्यक्ष बीजू दासन, मनोज सिंह,रामप्रवेश यादव, सेक्टर प्रभारी रनसाय,अब्दुल मजीद, सुखलाल देवांगन, जगरनाथ, मंडी अध्यक्ष शिवनंदन पैकरा,अशोक, उदयभान, चारों ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# 23 वे राष्ट्र कथा शिविर में शामिल हुए जिले के 27 सदस्यीय दल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सहायक आयुक्त श्री जेआर नागवंशी के मार्गदर्शन में 27 सदस्यीय टीम गुजरात के जिला राजकोट में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित 23 वे राष्ट्र कथा शिविर में शामिल हुए। यह शिविर गुजरात के राजकोट ज़िले के प्रांसला गाँव में आयोजित किया गया था। दल में जिला के पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों का चयन इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया गया था। इस शिविर में भारत के लगभग सभी राज्यों से चयनित युवा सम्मिलित हुए। शिविर से वापस आकर बच्चों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर श्री अमृतलाल ध्रुव से सौजन्य मुलाक़ात कर अपने अनुभव साझा किए।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ के सरगुजा और बस्तर संभाग के युवा भाग लेने के लिए पहुँचे थे। शैक्षणिक भ्रमण में शामिल कुमारी वन्दिता भगत ने बताया कि शिविर में हमें समय के सदुपयोग और अनुशासन से रहने के उपाय बताए गए। हमे इस तरह कि आयोजन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। युवाओं के कौशल उन्नयन से संबंधित विषयों पर विशिष्ट अतिथियों के द्वारा जानकारी दी गई।

## सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 23 को

अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1999 अन्यर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में 23 फरवरी 2023 को आयोजित होगी। बैठक अपरान्ह 3 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी।

## ओपीएस लेने या एनपीएस में बने रहने का विकल्प 24 तक देना होगा

अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर 20 फरवरी 2023 राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 के मध्य नियुक्त शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने या नई पेंशन योजना में यथावत बने रहने संबंधी विकल्प 24 फरवरी 2023 तक अपने आहरण संवितरण अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने सभी विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को परिपत्र जारी कर तय तिथि तक अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों से विकल्प एवं सहमति पत्र लेकर कार्मिक संपदा में अपलोड कराने के निर्देश दिए हैं।

## केंद्रीय जेल में परिरुद्ध बीमार बंदियों का करना होगा प्राथमिकता से जांच व उपचार

अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में परिरुद्ध बीमार बंदियों को मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर में प्राथमिकता के आधार पर सोनोग्राफी सहित अन्य उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक को दिए है। जारी पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में परिरुद्ध बीमार बंदियों को जेल चिकित्सक के द्वारा उच्च जांच, उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध चिकित्सालय में भेजे जाने वाले बंदियों का प्राथमिकता से जांच एवं उपचार किया जाए।

# स्कॉट्स गाईड को वितरित किया गया प्रमाणपत्र

» अंतर्राष्ट्रीय कलचर जम्बूरी में शामिल हुए जिले के 15 सदस्यीय दल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, राज्य आयुक्त शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संघ अध्यक्ष पपिन्दर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन कमिश्नर डॉ संजय गुहे की उपस्थिति में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

आज़ादी के 75 वर्ष बाद देश मे पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कल्चरर जम्बुरी मंगलूरी कर्नाटक में जिले के 15 सदस्यीय दल जिला संगठन आयुक्त के नेतृत्व में शामिल हुआ। इस जम्बूरी में देश-दुनिया के स्काउट्स व गाइड्स ने अपने-अपने कलाए संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा का आदान प्रदान अन्तराष्ट्रीय स्तर पर किया। इस वर्ष 18वी राष्ट्रीय जम्बुरी राजस्थान पाली में भी आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में जिला संघ सरगुजा के 14 सदस्यीय दल शामिल हुआ जहाँ राष्ट्रपति द्वारा 18वी राष्ट्रीय जम्बुरी राजस्थान का आगाज़ किया गया। हाल ही में राष्ट्रीय यूथ कॉम्लेक्स गदपुरी हरियाणा में 22 सदस्यीय दल राष्ट्रीय एडवेंचर शिविर में शामिल होकर लौटी है।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कुंदन कुमार ने स्काउट्स एवं गाइड्स के कार्यों की सराहना करते हुऐ कहा कि जिला प्रशासन के साथ हर कार्यों में सहयोगी के रूप में अपनी सेवायें दे रही है। मैनपाट कार्निवाल में भी अपनी बेहतर सेवाये प्रदान की है।

## संभाग स्तरीय कंवर समाज की वार्षिक सम्मेलन का भदवाही में हुआ आयोजन

### सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए लोग

उदयपुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

19 फरवरी 2023 को ग्राम भदवाही में कंवर समाज का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें पूरे संभाग के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित हुए इसमें समाज में फैली बुराइयों को हटाने की बात गयी साथ ही नशा मुक्ति का भी पालन करने को कहा गया।

समाज में अपना योगदान देने के लिए भी अपील किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरगुजा कमलनाथ कर रहे थे ब्लॉक अध्यक्ष नरहरी सिंह थे इसके साथ केएन सिंह प्राचार्य लटोरी, मीडिया प्रभारी राजकुमार पैकरा, ईश्वर सिंह पैकरा प्रभाकर सिंह पत्तल गुरुजी अखंड विधायक परमेश्वर सिंह इंदर साई पैकरा गुप्तेश्वर सिंह सुभाष सिंह जगदीश सिंह पैकरा केश्वर सिंह बहादुर सिंह बसंत सिंह कलम साय पैकरा खिलावन सिंह डीपी सिंह भुनेश्वर सिंह रामानंद कामरे शिव विलास कामरे बलदेव सिंह उमाकांत एवं सहादान सिंह तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## शिक्षकों का ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

अम्बिकापुर ,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

उपचारात्मक शिक्षा के संबंध में सोमवार को स्थानीय मल्टीपरपज स्कूल में शिक्षकों को का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अम्बिकापुर विकासखण्ड में कार्यरत पूर्व माध्यमिक एवं माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 724 शिक्षकों ने भाग लिया।

बताया गया कि शिक्षा सत्र के माह अक्टूबर में बच्चों के ज्ञान को परखने के लिए बेसलाइन परीक्षा ली गयी थी एवं फरवरी में पुनः उनकी एण्डलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया है। गत दिवस पूरे जिले में विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इसी कड़ी में यह प्रतिभाशाली बच्चों को पुस्तकालय सहायता के अतिरिक्त पाठ्यक्रम की विविधता के साथ मनोवैज्ञानिक सुरक्षा प्रदान करें जिससे वे अपने रूचि का विकास कर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर सके।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉण् संजय गुहे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले में विगत दो वर्ष से कोरोना के कारण बच्चों के सीखने की क्षमता में हुई कमी की क्षतिपूर्ति में विशेष उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई पड़ रहें है।

सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा श्री भरतलाल अग्रवाल, श्री रविशंकर पाण्डेय श्री सर्वजीत पाठक ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में श्री सतीश पाण्डेय, श्री संजीव कुमार सिंह श्री अरूण तिवारी, श्री कर्ण सिंह जोगी, श्री विशाल श्रीवास्तव इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

## महिला आयोग का सभाग स्तरीय कार्यशाला 23 को

अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग का एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन 23 फरवरी 2023 को किया गया है। यह प्रशिक्षण राजमोहनी देवी भवन अम्बिकापुर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला की अध्यक्षता आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक करेंगी।

प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। इसके साथ ही नगर निगम, नगर पालिक व पंचायत के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

## शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय बैठक स्थगित

अम्बिकापुर, 20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

उपायुक्त राजस्व ने बताया है कि 24 फरवरी 2023 को आयोजित शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बैठक की नवीन तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## जनदर्शन में पहुंच कर नमती बाई ने कलेक्टर को दिया धन्यवाद



- संवाददाता -
जशपुरनगर, 20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टर जनदर्शन में दूर दराज से आए ग्रामीण जनों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं की जानकारी ली जनदर्शन में पेंशन, राशन, अवैध कब्जा हटाने, मजदूरी भुगतान,नामांतरण एवं राजस्व से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर जनदर्शन में जशपुर विकासखण्ड के ग्राम केरे निवासी श्रीमती नमती बाई ने कलेक्टर को बताया कि प्राकृतिक आपदा आकाशीय बिजली गिरने से उनके पति स्व. मनसाय की मृत्यु 25 अगस्त 2022 को हो गई थी जिला प्रशासन के द्वारा आर बी सी के 6-4 के तहत चार लाख मुआवजा राशि का चेक शीघ्र ही दे दिया गया है।

## जिला प्रशासन ने पहाड़ी कोरवा किसान गोसाई राम के जमीन का कब्जा वापस दिलाया

जशपुरनगर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट कक्ष से वीडियो कॉल के माध्यम से बगीचा विकासखण्ड के सरधापाठ निवासी विशेष पिछड़ी पहाड़ी कोरवा हितग्राही गोसाई राम से बात किए।



गोसाई राम ने बताया कि उनका 50 डिसमिल जमीन में राजकुमार ने कब्जा कर लिया था।जिसके कारण उन्हें खेती बाडी करने में समस्या आ रही थी उन्होंने बताया कि अपने जमीन का कब्जा वापस दिलाने के लिए एसडीएम कार्यालय बगीचा में आवेदन दिए थे। और राजस्व विभाग ने मौके पर जांच करके उनके जमीन का कब्जा वापस दिलाया है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन पर पट्टा भी मिला है। जिस पर प्रशासन ने सार्थक पहल करते हुए कब्जा मुक्त कर दिया। पहाड़ी कोरवा गोसाई राम ने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा की अब हमें कोई समस्या नहीं हो रही है।

# गोधन एम्पोरियम : महिलाओं का नया बिजनेस आइडिया












» अम्बिकापुर में गोबर से निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए खुला एक्सक्लूसिव शोरूम

» वर्मी कम्पोस्ट, गो-काष्ठ, कण्डा, अगरबत्ती और गोबर पेन्ट की हो रही बिक्री

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर की महिलाओं ने नया बिजनेस आइडिया अपनाते हुए गोबर से निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए अंबिकापुर में एक्सक्लूसिव शोरूम शुरू किया है। इसे गोधन एम्पोरियम का नाम दिया गया है। इस एम्पोरियम में वर्मी कम्पोस्ट के साथ-साथ गौ काष्ठ, अगरबत्ती, कण्डा और गोबर से निर्मित पेंट की बिक्री की जा रही है। अम्बिकापुर शहर के मुख्य चौराहे पर पिछले तीन साल से यह एम्पोरियम सफलतापूर्वक संचालित है। इस एम्पोरियम के संचालन का जिम्मा महिलाओं के हाथों में है। गोधन एम्पोरियम में काम करने वाली महिलाओं को अब तक लगभग 12 लाख से अधिक की आमदनी हुई है।

किसी छोटे शॉपिंग मॉल जैसे दिखने वाले इस अनोखे एम्पोरियम में पूजा-पाठ, हवन आदि के लिए अंबिकापुर शहर के लोग गौ काष्ठ, अगरबत्ती खरीदते हैं। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में लिट्टी-चोखा के शौकिन गोबर के कंडे यहां से खरीदीकर लिट्टी-चोखा तैयार करते हैं। वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग शहरी क्षेत्र के लोग घरों के गमलों के साथ ही अन्य बागवानी कार्यों के लिए कर रहे हैं। गोबर पेंट में तापमान को रोकने की क्षमता के कारण यहां इसकी बिक्री भी हो रही है। इस एम्पोरियम की लोकप्रियता लगातार बढ़ते जा रही है। वर्तमान में यहां प्रतिदिन 40 से 60 ग्राहक का आना-जाना होता है। गोबर के उत्पादों की लोकप्रियता को देखते हुए यहां और भी बिक्री बढ़ने की संभावना है।

गोधन एम्पोरियम से अब तक तीन वर्षों में कुल 12 लाख 49 हजार रूपए की आमदनी हो चुकी है। वर्ष 2020-21 में 4 लाख 50 हजार, वर्ष 2021-22 में 4 लाख 87 हजार और वर्ष 2022-23 में 3 लाख 12 हजार रूपए की आय हुई है। यहां कार्यरत महिला सदस्यों ने बताया कि यहां से हर महीने समूह की महिलाएं एम्पोरियम से लगभग 40 हजार रूपए कमा रही हैं। यहां गौठान महिला समूह की दो महिला सदस्य बारी-बारी से तैनात रहती हैं। अन्य दुकानों की तरह सप्ताह में एक दिन मंगलवार को एम्पोरियम में अवकाश भी रहता है।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने बताया कि गोधन एम्पोरियम के जरिये एक छत में गोधन के उत्पाद लोगो को मिल रही है तथा समूह की महिलाओं को भी रोजगार म रहा है। एम्पोरियम में गोधन उत्पादो की श्रृंखला बढ़ते जाएगी।

यह एम्पोरियम अम्बिकापुर शहरी गौठान का हिस्सा है। इसे गौठान से जुड़ी महिला समूह ही संचालित करती है, समूह की महिलाएं अम्बिकापुर सिटी लेवल फेडरेशन की सदस्य हैं, यह फेडरेशन अम्बिकापुर शहर में स्वच्छता के लिए काम कर रहा है। अब यहां गोबर से पेन्ट बनाने और दोना पत्तल तैयार करने की यूनिट भी शुरू कर दी गई है। गौठान समूहों की सदस्यों को लाभांश के रूप में हर माह 6 से 7 हजार रूपए मिल जाता है।

अम्बिकापुर सिटी लेवल फेडरेशन की अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिन्हा कहती हैं कि यह हमारे लिए अद्भुत अनुभव है कि हमने अभी तक अनाज, कपड़े तथा अन्य वस्तुओं के शोरूम के बारे में सुना था मगर यह नहीं सोचा था कि हम अम्बिकापुर शहर के मुख्य चौराहे में आधुनिक साज-सज्जा से युक्त ऐसी दुकान चलाएंगे, जहां गोबर से बने उत्पाद बेचे जाएंगे।

# प्रशासनिक टीम द्वारा जप्त किए 2284 सरकारी बारदाने में से 2000 बारदाने गायब,विभागीय अधिकारी बेखबर

- सरकार को प्रतिवर्ष पहुंचाया जा रहा लाखों रुपए की क्षति
- आखिर इस बड़े खेल के पीछे कौन
- 23 दिन बीत जाने के बाद भी दोषियों पर नहीं हो सकी कार्यवाही






- मनोज कुमार-
लखनपुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के आने के बाद किसानों के सहुलियत के लिए नए धान उपार्जन केंद्र खोलकर धान खरीदी किया जा रहा है। वही अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में बिचौलियों से सांठगांठ कर समिति प्रभारियो द्वारा बड़े पैमाने पर धान खरीदी में गड़बड़ी की जा रही है। कुछ ऐसा ही मामला लखनपुर विकासखंड के नीम्हा धान खरीदी केंद्र में देखने को मिला जहां बड़े पैमाने पर पिछले दिनों में बारदाना प्रशासनिक टीम के द्वारा जप्त किया गया था। तथा बारदाना गायब भी कर दिया गया। परंतु दोषियों पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी। कार्यवाही नही होने से इनके हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं। जब्त हुए 2284 बारदाने में से दो हजार सरकारी बारदाने गायब कर दिया गया। ग्रामीण बनाफर यादव की धर्मपत्नी का आरोप है कि समिति के कर्मचारियों के द्वारा घर से जबरन जप्त किए गए सरकारी बारदाने को ले जाया गया है। वहीं विभागीय अधिकारी इससे बेखबर है। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम नीमहा में जनप्रतिनिधियों के मांग पर सरकार के द्वारा 2020 में नए धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ कर क्षेत्र के किसानों से धान खरीदी सुरु किया गया। प्रारंभ से ही नीम्हा धान उपार्जन केंद्र विवादित रहा है। कभी बिचौलियों के द्वारा केन्द्र में धान खापाए जाने, बड़ी मात्रा में मार्पेड के बारदाना जप्त होना, केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों की अधिकारियों से शिकायत मजदूरी भुगतान की शिकायत होना किसी ना किसी बात को लेकर यह उपार्जन केन्द्र के विवादित रहा है। धान खरीदी के समाप्ति के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि धान उपार्जन केंद्र प्रभारी के द्वारा बड़ी मात्रा में ग्रामीण बनाफर यादव के यहां शासकीय मार्कफेड बारदाना रखा गया है। सूचना उपरांत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार आईसी यादव दल बल के साथ 27जनवरी को धान खरीदी केंद्र से महज 100 मीटर दूर नीम्हा निवासी ग्रामीण बनाफर यादव के घर से मार्कपेड के 2284 बारदाने जप्त किया गया। बारदाना के संबंध में ग्रामीण बनाफर यादव से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि समिति के फड़ प्रभारी श्याम कुमार व अन्य कर्मचारियों के द्वारा पिकप वाहन से लाकर बारदाना उनके घर रखवाया गया है। नायब तहसीलदार आईसी यादव के द्वारा उक्त बारदाने को जप्त कर ग्रामीण को सुपुर्द किया गया। तथा पंचनामा कार्रवाई कर प्रतिवेदन लखनपुर तहसीलदार गरिमा ठाकुर के पास पेश किया जिसके उपरांत अग्रिम कार्रवाई हेतु पंचनामा हुआ जांच प्रतिवेदन जिला खाद्य अधिकारी को भेजा गया। जैसे ही उपार्जन केंद्र से धान उठाव होते ही प्रशासनिक टीम द्वारा जप्त कर सुपुर्द किए गए 2284 बारदाने में से लगभग 2000 बारदाने नीम्हा धान उपार्जन केंद्र कर्मचारियों द्वारा गायब कर दिया मौके पर लगभग 250 से 300 बारदाने ही मौजूद है। खरीदी केंद्र से धान के उठाओ हो जाने तथा कार्यवाही के 23 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई है। अगर इस मामले में सूक्ष्म जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर धान खरीदी में गड़बड़ी सामने आ सकती है। इतने बड़े पैमाने में बरदाना का जप्त होना और बारदाने का गायब हो जाना तथा दोषियों पर कार्यवाही नहीं होना। कही न कही विभागीय अधिकारियों के द्वारा मामले में लीपापोती की जा रही है। जो आज आम जनता के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है। बारदाने के गायब होने तथा दोषियों पर कार्यवाही नहीं होने पर कई सवाल खड़े होने लगे हैं। बड़ी मात्रा में सरकारी बारदाना मिलने तथा गायब भी हो जाने ऐसा प्रतीत होता है की कहीं ना कहीं निमहा धान उपार्जन केंद्र में अवैध धान खपाकर सरकार को लाखों रुपए चुना लगाया जा रहा है । इस तरीके के कृत से ऐसा लगता है कि अधिकारियों के संरक्षण से ही यह पूरा खेल हुआ है। विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि मामले की सूक्ष्म जांच करते हुए धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी को लेकर हुए गड़बड़ी को सामने लाकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। परंतु अब तक ऐसा नहीं हो सका है।अब देखना होगा कि जांच के नाम पर अधिकारियों के द्वारा खानापूर्ति कर दी जाती है या दोषियों पर कार्यवाही भी होता है।

सूत्रों की माने तो सरगुजा व सूरजपुर जिला के बॉर्डर में स्थित होने से नीमहा धान खरीदी केंद्र में बिचौलियों के द्वारा बड़ी मात्रा में धान खापाया जाता है।

इस संबंध में ग्रामीण बनाफर यादव से संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु अन्यत्र गांव चले जाने से उनसे संपर्क नहीं हो सका तो वहीं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा बताया गया कि जप्त किए गए बारदाना को जबरन समिति के कर्मचारियों द्वारा ले जाया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती शिवानी जयसवाल से इस संबंध में उसने पूछने पर उनके द्वारा कहा गया कि मार्कफेड बारदाना जप्त कर ग्रामीण को सुपुर्द करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला खाद्य अधिकारी को पंचनामा प्रतिवेदन भेजा दीया गया है।

**श्रीमती शिवानी जयसवाल**
**एसडीएम**

जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी से फोन पर इस संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा कहा गया कि बरदाना गायब हुआ इस संबंध में मुझे आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है जांच कर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

**रविंद्र सोनी**
**जिला खाद्य अधिकारी**

लखनपुर तहसीलदार श्रीमती गरमा ठाकुर से इस संबंध में पूछने पर उनके द्वारा कहा गया। 2284 बारदाना जप्त कर ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया था साथ ही पंचनामा व प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला खाद्य अधिकारी को भेजा था। आगे की कार्रवाई खाद्य विभाग से ही होना है।

**गरिमा ठाकुर**
**तहसीलदार**

# फर्जी बिल बनाकर अवैध कोयला परिवहन करने पर सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही

- अवैध रूप से कोयले का परिवहन कर ईट भट्टा मे खपाने की थी योजना
- सरगुजा पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त कार्यवाही
- पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे खनिज तस्करो पर की जा रही सख्त कार्यवाही






- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

घटना दिनांक को सरगुजा पुलिस एवं खनिज विभाग को मुखबिर सुचना प्राप्त हुई कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 6300 मे कोयला लोड कर अवैध रूप से लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से अवैध परिवहन कर रायगढ़ खरसिया ना ले जाकर शहर के भिट्ठीकला के ईट भट्ठा मे ट्रक खड़ा कर अनलोड किया जा रहा हैं।

मामले को संज्ञान मे लेकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.)के सतत मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन मे तत्काल अवैध परिवहन करने वालो पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक र ा ज न ा ल ा (भा.पु.से.),पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व मे थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक सरफराज फ़िरदौशी द्वारा खनिज विभाग के साथ संयुक्त कार्यवाही कर ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 6300 को मौके से पकड़ा गया।

दौरान कार्यवाही उक्त कोयले का मालिक बबलू उर्फ़ मुकेश अग्रवाल साकिन अम्बिकापुर एवं ओम प्रकाश तिवारी मुंशी द्वारा कोयला को दूधीचूआ मध्यप्रदेश कोयला खदान से लोड कर अम्बिकापुर लाय थे, जो ट्रक मालिक द्वारा उक्त कोयला का फर्जी बिल बनाकर भिट्ठीकला ईट भट्ठा मे अनलोड करने हेतु रखा गया था, जो कोयला का अवैध परिवहन कर लाभ अर्जित करने के उद्देश्य होने पर सदर धारा 420, 34,379, 407 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के ऊपर अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक सरफराज फ़िरदौशी, आरक्षक अतुल सिंह, सीनू फ़िरदौशी शामिल रहे।




## वनाधिकार संवाद पदयात्रा

### वनाधिकार कानून के सफल क्रियान्वयन के लिए जन अभियान

उदयपुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में एकता परिषद विगत 30 वर्षों से महात्मा गांधी के मूल्यों पर चलने वाले जन संगठन के रूप में कार्यरत हैं।

एकता परिषद और सहयोगी संगठन मानते हैं कि वनाधिकार कानून की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक जन जागरूकता और सरकार तथा शासन से संवाद की आवश्यकता है । अहिंसा तथा शांति की गांधीवादी विचारधारा में विश्वास रखने वाले जन संगठन के रूप में एकता परिषद और स्थानीय संगठन मिलजुल कर वनाधिकार की सफल क्रियान्वयन के लिए संवाद और प्रयास करना चाहता है।

यह पदयात्रा मुड़गांव चलकर फुलचूही में रात्रि पड़ाव है। यात्रा में रघुवीर दास एकता परिषद जिला संयोजक सरगुजा, शीतल बोध सिंह अध्यक्ष एकता परिषद जिला सरगुजा, कार्यकर्ता अमरनाथ, परमिला, फुल पति नांग, फुल सुंदरी एवं समस्त मुखिया गण शामिल हैं।

# आगामी चुनाव में जनता सिखाएगी सरकार को सबक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आज भाजपा के मोर आवास मोर अधिकार अभियान अंतर्गत लुण्ड्रा विधानसभा स्तरीय उप तहसील रघुनाथपुर के घेराव का कार्यक्रम पूर्व मंत्री भईया लाल रजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि ना आवास है ना अधिकार, सब कुछ छीन लिया इस कांग्रेसी सरकार ने, मैं सरकार को चेताने आया हूं कि जनता जनता अपने पर उतर आए तो आप का अता पता भी नहीं चलेगा, पहले कांग्रेसी सरकारों में एक रुपए निकलता था और 25 पैसा भी नहीं पहुंचता था, मगर अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य बना कर विकास की गंगा बहा दी। आगे उन्होंने कहा कि आवास हमारा अधिकार था जिसे छीनने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है, अपने अधिकार को पाने हम संकल्प लेते हैं कि आगामी चुनाव 2023 में अपने वोट रूपी हथियार के दम पर धोखेबाज व छलावा करने वाली कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास पैसा के अभाव में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, शराब बेचने का काम कर रहे यह लोग रेत और कोयला भी खा गए।

इस अवसर पर पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबों के साथ खिलवाड़ कर रही है भूपेश सरकार प्रधानमंत्री आवास का पैसा बंदरबांट कर रही है किसानों के साथ छलावा महिलाओं के साथ छलावा मजदूरों के साथ छलावा बेरोजगारों के साथ छलावा यह सरकार सभी वर्गों के साथ छलावा करने वाली सरकार है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह ने कहा कि आज जो भी विकास दिख रहा है वह सब भाजपा शासनकाल की उपलब्धियां हैं, वर्तमान कांग्रेस सरकार में पूरे प्रदेश का विकास ठप्प है।

कार्यक्रम को लुण्ड्रा विधानसभा प्रभारी शिवनाथ यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फुलेश्वरी सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन लुण्ड्रा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष व मोर आवास मूल अधिकार के जिला प्रभारी विनोद हर्ष ने किया।

कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, विजय व्यापारी, वैभव सिंह देव, चंद्रिका यादव, गुरु शरण सिंह, राजू मानिकपुरी, पूरण टेकाम, दारा सिंह धनाराम नागेश, अनामिका पैकरा, हीरा सिंह मरकाम, उमाशंकर उपाध्याय, ब्रह्म दत्त, सतीश जायसवाल, संजय गुप्ता तथा अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# पहली बार दिखा ऐसा शानदार दृश्य,ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली खेली गई,अमृतधारा महोत्सव में, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार वन्दना श्री की प्रस्तुति पर झूमे जनप्रतिनिधि से लेकर सभी दर्शक








**दो दिवसीय अमृतधारा महोत्सव का समापन,बॉलीवुड सिंगर जोड़ी सौरभ-वैभव,मशहूर छत्तीसगढ़ी कलाकारों दिलीप षड़ंगी,सुनील मानिकपुरी और लोक रंग ने देर शाम तक बांधा समां**

ईस्नु प्रसाद यादव
मनेंद्रगढ़
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित अमृतधारा महोत्सव का गत दिवस शानदार समापन हुआ। पहली बार अमृतधारा में विश्व विख्यात ब्रज की फूलों की होली का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार वन्दना श्री एवं समूह की कृष्ण रसरंग की प्रस्तुति पर जनप्रतिनिधि से लेकर सभी दर्शक कृष्ण भक्ति में झूम उठे। पहले दिन के कार्यक्रम में मशहूर छत्तीसगढ़ी कलाकार दिलीप षड़ंगी के भजन एवं जसगीत का भी लोगों ने आनंद उठाया।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नवीन जिले मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर का यह पहला अवसर रहा। महोत्सव के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत रहे एवं समापन समारोह में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। महोत्सव के पहले दिन लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, वहीं अंतिम दिन सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक भरतपुर-सोनहत श्री गुलाब कमरो ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पीएस ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री टी आर कोशिमा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन,

एसडीएम नयनतारा एसडीएम मूलचंद चोपड़ा तहसीलदार अशोक सिंह तहसीलदार विप्लव श्रीवास्तव समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

दो दिवसीय अमृतधारा महोत्सव का आयोजन बेहद जबरदस्त रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बॉलीवुड सिंगर जोड़ी सौरभ-वैभव, अलंकार सूफी बैंड की प्रस्तुति, मशहूर छत्तीसगढ़ी कलाकार सुनील मानिकपुरी, ऋषि रसीला और लोक रंग ने देर शाम तक समां बांधा। स्कूली बच्चों के द्वारा गणेश वंदना, शिव तांडव, देश के अलग अलग राज्यों की झलकियों की प्रस्तुति अद्भुत रही।

पारंपरिक खेलों के साथ एडवेंचर स्पोर्ट्स का लोगों ने लिया मजा

अमृतधारा महोत्सव के दौरान एडवेंचर स्पोर्ट्स एटीवी बाइक राइडिंग, तीरंदाजी, सहित पारम्परिक खेल प्रतियोगिता भौंरा के साथ ही चम्मचदौड़, रस्साकशी, मटकाफोड़, वॉलीबाल, कबड्डी में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

बिहान सरस मेले में माटी के बर्तन, समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध रहे

अमृतधारा महोत्सव के दौरान जिले के महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए बिहान सरस मेला का भी आयोजन किया गया। बिहान सरस मेला में मिट्टी के बर्तन, समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद जैसे मसाले, कोसा साड़ी, रागी, कोदो आदि के मिलेट के लड्डू, पापड़, बाजरा का खाखरा, मनिहारी आदि उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध रहे, जिन्हें लोगों ने बेहद सराहा।

# मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प हो रहा पूरा : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत

- संवाददाता -
कोरबा,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव के समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत भी समापन कार्यक्रम में शामिल हुई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा की बहुत खुशी की बात है की केराझरिया के नए ग्राउंड में पाली महोत्सव का आयोजन हो रहा। पिछले वर्षो की तुलना में इस बार सबसे ज्यादा भीड़ है, जो की महोत्सव के अधिक लोकप्रियता को दिखाता है। अगले साल इससे भी बड़ा भव्य आयोजन होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। उन्होंने राज्य की कला संस्कृति को उजागर करने और प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। विधानसभा अध्यक्ष ने पाली महोत्सव के भव्य और सफल



आयोजन के लिए कलेक्टर श्री संजीव झा सहित जिला प्रशासन की पूरी टीम की तारीफ की और सभी को शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पाली तानाखार क्षेत्र के विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा, कटघोरा विधायक श्री पुरुषोत्तम कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जनपद पंचायत पाली अध्यक्ष श्रीमती दुलेश्वरी सिदार, नगर पंचायत पाली अध्यक्ष श्री उमेश चंद्रा, गौ सेवा आयोग के सदस्य श्री प्रशांत मिश्रा, खाद्य आयोग के सदस्य श्री हरीश परसाई, राज्य श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री नवीन सिंह, राज्य मदरसा बोर्ड के सदस्य डॉ. शेख इश्तियाक, कलेक्टर श्री संजीव झा, पुलिस अधीक्षक श्री यू उदय किरण, अपर कलेक्टर श्री विजेंद्र पाटले, श्री प्रदीप साहू, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पांडे, एसडीएम पाली श्री शिव बनर्जी सहित सरपंच ग्राम केराझरिया श्री सत्यनारायण पैकरा एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी शामिल हुए।

## पाली महोत्सव समापन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

कोरबा,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पाली महोत्सव के समापन अवसर पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिली। नृत्य, गायन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।पाली महोत्सव के समापन का आनन्द लेने पहुंचे लोगो ने पूरे कार्यक्रम का जोश और उत्साह के साथ लुत्फ उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति, लोक संगीत की झलक दिखी।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी सिंगर नितिन दुबे के सुपरहिट गाना सुनकर दर्शक रोमांचित हो उठे। दर्शकों से खचाखच भरे पाली महोत्सव स्थल में लोग देर तक झूमते रहे। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की उभरती 14 वर्षीय बाल गायिका आरु साहू द्वारा प्रस्तुत बटकी म बासी, चुटकी म नून.. ददरिया गीत से दर्शक दीर्घा में बैठे विधायक द्वय श्री मोहित राम केरकेट्टा, श्री पुरुषोत्तम कंवर, कलेक्टर श्री संजीव झा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मंच पर आकर थिरकने लगे। सभी ने मंच में आकर ताली बजाकर आरू साहू का उत्साहवर्धन किया। साथ ही कार्यक्रम प्रस्तुति पश्चात स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इसी प्रकार आरू साहू द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत ओ मैया झूप झुप महू ला नचाई दे... ने सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। दर्शकों ने खूब ताली बजाकर बाल गायिका आरू साहू का अभिवादन किया। इसी प्रकार तरी हरी नाना... सुवा गीत और गौरा गौरी गीत ने भक्तिमय अंदाज में सभी दर्शकों को खूब रोमांचित किया। साथ ही दर्शक गण सुमधुर छत्तीसगढ़ी संगीत सुनकर धुन में खो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शिव तांडव और बॉलीवुड डांस ग्रुप द्वारा दिए प्रस्तुति ने भी दर्शकों का मन भाया।

## सामजिक न्याय प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार

अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर राकेश बिहारी घोरे के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के सचिव अमित जिन्दल ने 20 फरवरी को बालिका संप्रेक्षण गृह अम्बिकापुर में जांच, विजीट की। इस दौरान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगों को बताया कि 26 नवंबर 2007 को संयुक्त राष्ट्र की साधारण सभा ने तय किया कि प्रत्येक वर्ष 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिन्दल ने बताया कि इस दिन को मनाने का उददेश्य है कि सामजिक अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाना और विभिन्न समुदायों को गरीबी, समाजिक भेदभाव के विरुद्ध एकजुट करना है। जिन्दल ने बताया कि सामजिक न्याय प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त हो इसके लिए सविधान में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। भारतीय संविधान में भी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के सचिव अमित जिन्दल ने नारी निकेतन में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगो को बताया कि किसी भी महिला को



महिला होने मात्र के आधार पर निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार है। अर्थात उसे मुफ्त मैं वकील की सुविधा प्राप्त करने का अधिकार है। जिन्दल ने यह भी बताया कि छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम 2003 के विनियम 13 के अनुसार महिला को उसका आवेदन तैयार करते समय भी प्राधिकरण आवश्यक सहायता करेगा। तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम 2003 के विनियम 30 के अनुसार विधिक सहायता का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है तथा इसमें न्याय शुल्क आदेशिका शुल्क का भुगतान तथा अन्य देय प्रभार, ड्राफटिंग, निर्णय की प्रति प्राप्त करना आदि शामिल है। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम 2003 के विनियम 32 के अनुसार महिला की आय कितनी भी हो उसे निशुल्क विधिक सहायता का अधिकार है।

## मच्छरों के रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव कराने की मांग

अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा पार्षद मधुसूदन शुक्ला ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मच्छरों के रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव कराने की मांग की है। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में अवगत कराया है कि नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में मौसम के बदलते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। मच्छरों के रोकथाम हेतु नगर पालिक निगम अम्बिकापुर द्वारा विगत 8 वर्षों से नाली में दवा का छिड़काव नहीं होने के कारण मच्छरों के प्रकोप से आम जनता त्रस्त हैं। मच्छरों से बचाव के लिए लोग मच्छर अगरबत्ती, गुड नाईट मार्टिन का उपयोग करते है, जिससे न केवल उनके उपर आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि इन कैमिकल युक्त मच्छर रोधी चीजों से स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। नगर पालिक निगम प्रशासन का दायित्व है कि शहर वासियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के साथ- साथ लोगों को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक उपायों पर पहल करना चाहिए। विगत 8 वर्षों से निगम की कांग्रेस सरकार द्वारा मच्छरों की रोकथाम हेतु नालियों में दवा का छिड़काव नहीं करने से आये दिन नगर के लोग डेंगू, मलेरिया, चर्म रोग जैसी बीमारियां से ग्रसित होते रहते है। भाजपा पार्षद मधुसूदन शुक्ला ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मच्छरों के रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए जिले 30 कार्यकर्ताओं का चयन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



रायपुर में होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में हुई। बैठक में सरगुजा जिले से कॉग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन में बतौर स्वयंसेवक एवं खुले अधिवेशन में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं के सहभागिता को लेकर विचार किया गया। गौरतलब है कि 24 से 26 फरवरी तक नया रायपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है। अधिवेशन में बतौर स्वयंसेवक शामिल होने के लिए कांग्रेस के काफी कार्यकर्ताओं ने अपनी सहमति दी थी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 30 कार्यकर्ताओं का चयन बतौर स्वयंसेवक किया गया है। ये सभी 23 से 26 फरवरी तक अधिवेशन स्थल में पीसीसी के निर्देशानुसार कार्य सम्हालेंगे। 26 फरवरी को आयोजित खुले अधिवेशन में शामिल होने के लिए 1000 कार्यकर्ताओं को सहमति दी गई है। कार्यकर्ताओं के रायपुर में अधिवेशन में शामिल होने के लिए अम्बिकापुर से वाहन व्यवस्था भी की गई है। आयोजित बैठक में पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महापौर डॉ. अजय तिर्की, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, मधु दीक्षित, हेमंत सिंह, बलराम यादव, नुरुल अमीन सिद्दकी, जगन्नाथ कुशवाहा,सैयद अख्तर हुसैन, शैलेंद्र प्रताप सिंह, श्रीमती सिमा सोनी सहित काफ़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शहर से लगे लालमाटी के पास कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मैत हो गई।

जानकारी के अनुसार गुलशन लकड़ा पिता मनबोध राम उम्र 35 वर्ष मानिकप्रकाशपुर थाना अंबिकापुर का निवासी था। वह 19 फरवरी को बाइक से अपने साथी अमित के साथ जशपुर गया था। दोनों वापस लौट रहे थे। रास्ते में लालमाटी के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान गुलशन की मौत हो गई। जबकि अमित का उपचार चल रहा है।

### बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत

अंबिकापुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आमने सामने दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनीष कुजूर पिता सुरेश उम्र 19 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर का रहने वाला था। वह बाइक से अपने साथी मुकेश व किस्मत के साथ कहीं गया था। जगरनाथपुर सोसायटी के पास सामने से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान मनीष की मौत हो गई।




# भाजपा के 'मोर आवास मोर अधिकार' अभियान अंतर्गत लुण्ड्रा विधानसभा स्तरीय उप तहसील रघुनाथपुर का घेराव किया गया



- संवाददाता -
अंबिकापुर/रघुनाथपुर, 20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आज भाजपा के मोर आवास मोर अधिकार अभियान अंतर्गत लुण्ड्रा विधानसभा स्तरीय उप तहसील रघुनाथपुर के घेराव का कार्यक्रम पूर्व मंत्री भईया लाल रजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि ना आवास है ना अधिकार, सब कुछ छीन लिया इस कांग्रेसी सरकार ने, मैं सरकार को चेताने आया हूं कि जनता जनता अपने पर उतर आए तो आप का अता पता भी नहीं चलेगा, पहले कांग्रेसी सरकारों में एक रुपए निकलता था और 25 पैसा भी नहीं पहुंचता था, मगर अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य बना कर विकास की गंगा बहा दी। आगे उन्होंने कहा कि आवास हमारा अधिकार था जिसे छीनने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है, अपने अधिकार को पाने हम संकल्प लेते हैं कि आगामी चुनाव 2023 में अपने वोट रूपी हथियार के दम पर धोखेबाज व छलावा करने वाली कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास पैसा के अभाव में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, शराब बेचने का काम कर रहे यह लोग रेत और कोयला भी खा गए।

इस अवसर पर पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबों के साथ खिलवाड़ कर रही है भूपेश सरकार प्रधानमंत्री आवास का पैसा बंदरबांट कर रही है किसानों के साथ छलावा महिलाओं के साथ छलावा मजदूरों के साथ छलावा बेरोजगारों के साथ छलावा यह सरकार सभी वर्गों के साथ छलावा करने वाली सरकार है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह ने कहा कि आज जो भी विकास दिख रहा है वह सब भाजपा शासनकाल की उपलब्धियां हैं, वर्तमान कांग्रेस सरकार में पूरे प्रदेश का विकास ठप्प है।

कार्यक्रम को लुण्ड्रा विधानसभा प्रभारी शिवनाथ यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फुलेश्वरी सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन लुण्ड्रा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष व मोर आवास मूल अधिकार के जिला प्रभारी विनोद हर्ष ने किया।

कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, विजय व्यापारी, वैभव सिंह देव, चंद्रिका यादव, गुरु शरण सिंह, राजू मानिकपुरी, पूरण टेकाम, दारा सिंह धनाराम नागेश, अनामिका पैकरा, हीरा सिंह मरकाम, उमाशंकर उपाध्याय, ब्रह्म दत्त, सतीश जायसवाल, संजय गुप्ता तथा अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री हंस विद्या निकेतन स्कूल सोनपुर वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से सफलता पूर्णक मनाया गया

- संवाददाता -
प्रतापपुर,20 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



श्री हंस विद्या निकेतन स्कूल सोनपुर (मसगा) विकासखंड प्रतापपुर में बड़े धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया,सर्व प्रथम कार्यक्रम की विधिवत रूप से आगाज किया गया मुख्य अतिथि जगत लाल आयाम अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतापपुर के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद मां सरस्वती के पावन चरणो पर धुप अगरबत्ती दिप प्रज्वालित कर मा सरस्वती वंदना से पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ किया गया इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम शानदार प्रस्तुति की गई सभी अतिथियों का स्वागत गीत गा कर बच्चों के द्वारा मन मोहित कर दिए सभी बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र व मेडल ट्राफी वितरण अतिथियों द्वारा वितरण की गई,कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मराबी ,सचिव प्रदेश पिछड़ा वर्ग नवीन जायसवाल वरिष्ठ पत्रकार जीशान खान ,दिव्यांग संघ प्रदेश अध्यक्ष सुमंत प्रजापति सरपंच, शिव कुमार जायसवाल , राम प्रताप सिंह,पडीपा श्रीमती दिलबसिया सरपंच सोनपुर,स्कूल संचालक गीता सखन आयाम,,प्राचार्य राजेश कुमार देवांगन, शीतल प्रसाद सिंह,शिक्षिका, श्रीमती सरिता सिंह केराम, ,शुशीला विश्वकर्मा, गीता पोया,वाहन चालक राम बरत, स्कूल समिति के अध्यक्ष, धन मोहर सिंह,सुखनंदन सांडिल्य, समय साय,श्रीमती फुलबसिया , सतीश ,अंकित सिंह, एवँ आस पास के व दूर दराज के बच्चे व अभिभावक/पालक,माता पिता के साथ अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0/अ-19/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर के रा0प्र0क्रं0-/अ-19/2022-23 व आयुक्त प्रर्यटन/प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा अपने पत्र क्रमांक 3652/यो./425(1)/2022,रायपुर दिनांक 13.12.2022 द्वारा ग्राम चठिरमा, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि ख0क्रं0 89 रकबा 0.3481 हे0 भूमि को छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन विभाग को हस्तातंरित किए जाने की मांग की गई है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0/ /अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम मानपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सदन सिंह आ0 रामचरण सिंह, जाति-गोंड़, निवासी ग्राम-मानपुर, तहसील- सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-मानपुर प.ह.न.-13,रा.नि.म.-सूरजपुर, तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रं. 197/5 रकबा 0.049 हे. को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-मानपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी, भूमि व्यवर्तन सूरजपुर



**कार्यालय उपसंचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)**

Email ID:balrampurdda@yahoo.in phone/Fax:07831-273072

क्रमांक/टी-4/ HDPE पाईप/2022-23/5846 बलरामपुर,दिनांक : 10/02/2023

**//निविदा सूचना//**

विषयान्तर्गत कार्यालय उप संचालक कृषि जिला बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत HDPE लपेटा पाईप का विकास खण्डों 100 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत अनुदान में वितरण किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु निविदा प्रपत्र आवेदन दिनांक 24.02.2023 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

-:समय सारिणी:-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने का प्रारंभिक दिनांक -11.02.2023 से 22.02.2023 तक
4. निविदाएं रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट डाक टेन्डर बाक्स में कार्यालय उप संचालक कृषि बलरामपुर में प्राप्त करने का अंतिम दिनांक -24.02.2023(दोपहर 3.00 तक)
5. निविदाएं खोलने का दिनांक -24.02.2023(सायं 5.00 तक)

| क्रं. | कार्य का नाम | इकाई | राशि/मीटर |
|---|---|---|---|
| 1 | HDPE लपेटा पाईप 2 इंच | मीटर | |
| 2 | HDPE लपेटा पाईप 2.5 इंच | मीटर | |

यह निविदा मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी तथा विशेष शर्तें (जो निविदा एवं अनुबंध का हिस्सा होगी) कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक कार्यालय उप संचालक कृषि बलरामपुर में देखी जा सकती है।

सहायक संचालक
कार्या0उप संचालक कृषि
बलरामपुर-रामानुजगंज

# टेस्ट सीरीज के बीच ऑस्ट्रेलिया जाएंगे कमिंस:फैमिली मेंबर की तबीयत बिगड़ी,इंदौर टेस्ट से पहले होगी वापसी

**नई दिल्ली, 20 फरवरी 2023।** ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस दिल्ली टेस्ट में मिली हार के बाद अपने घर सिडनी लौटे हैं। कमिंस की फैमिली में स्वास्थ्य संबंधी समस्या आई है, जिस वजह से टूर के बीच में उन्होंने घर जाने का फैसला लिया। हालांकि, वे 1मार्च को इंदौर में खेले जाने वाला तीसरा टेस्ट खेलेंगे। इस समय ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ 2-0 से पीछे है।

कमिंस दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में एकमात्र फास्ट बॉलर थे। हालांकि, उन्होंने चौथी पारी में गेंदबाजी नहीं की। भारत ने 115 रन के टारगेट को आसानी से चेज किया और मैच जीत लिया।

### अगर कमिंस नहीं आए तो कौन करेगा कप्तानी

कमिंस इंदौर टेस्ट में खेलेंगे। हालांकि, अगर वे किसी कारण नहीं आ पाए तो टीम के उपकप्तान स्टीव स्मिथ लीड करेंगे। दो मौकों पर स्मिथ कमिंस की गैरमौजूदगी में कप्तानी कर चुके है। कमिंस एडिलेड में 2021-22 एशेज का दूसरा टेस्ट कोरोना की वजह से नहीं खेल पाए थे। वे 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डे-नाईट टेस्ट में भी थाई की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। उस समय स्मिथ ने टीम की कमान संभाली थी।

### बचे दो टेस्ट भी नहीं खेलेंगे हैजलवुड, स्टार्क पर संशय



पैट कमिंस के जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के बाद कोई एक्सपर्ट पेस बॉलर नहीं बचेगा, क्योंकि एंकल इंजरी के कारण शुरुआती दो टेस्ट से बाहर रहे जोश हैजलवुड इंदौर और अहमदाबाद टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। वहीं, मिचेल स्टार्क भी वापसी नहीं कर सके हैं। उनके खेलने और न खेलने पर संशय है। ऐसे में स्कॉट बोलैंड और लांस मॉरिस ही बचे हैं। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भी अपनी चोट से उबर चुके है और सेलेक्शन के लिए मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कोच आंद्रेव मैक्डोलन ने हैजलवुड के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें रिकवर होने में थोड़ा और टाइम लगेगा। वहीं, डेविस वार्नर को रिहैब के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा जा रहा है। उनकी कोहनी में फैक्चर है।

### अभी दो टेस्ट बाकी, फिर ट्रॉफी भारत के नाम कैसे

इस सीरीज में अभी दो टेस्ट मैच बाकी हैं और ऑस्ट्रेलिया इन दोनों को जीतकर 2-2 की बराबरी कर सकता है। ऐसे में आप पूछ सकते हैं कि दो मैच जीतने पर ही ट्रॉफी भारत के नाम कैसे हो गई। इसका जवाब यह है कि पिछली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भारत ने जीती थी।

दो टीमों के बीच टेस्ट सीरीज जब किसी ट्रॉफी के लिए होती है, तो सीरीज के ड्रॉ होने की स्थिति में भी ट्रॉफी उसी टीम को मिलती है, जिसने पिछली बार उस पर कब्जा जमाया हो। एशेज में भी ऐसा ही होता है।

हालांकि, टीम इंडिया जिस तरह का खेल दिखा रही है उससे इस बात के भी पूरे आसार हैं कि वह इस सीरीज में 4-0 से क्लीन स्वीप भी कर सकती है।

**मैंचेस्टर यूनाइटेड को खरीदने की रेस में कई करोड़पति:**

# रैटक्लिफ ने क्लब को खरीदने के लिए लगाई 44 हजार करोड़ की बोली

**मैंचेस्टर, 20 फरवरी 2023।** इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को खरीदने की रेस तेज हो रही है। यूनाइटेड द्वारा तय की गई समय सीमा तक कई करोड़पतियों और अमीर ग्रुप्स ने क्लब को खरीदने के लिए बोली जमा कर दी है। इस रेस में अभी सबसे आगे कतर के इस्लामिक बैंक के अध्यक्ष शेख जसीम बिन हमद अल थानी हैं। शेख जसीम ने क्लब को खरीदने के लिए करीब 44 हजार करोड़ रुपए की बोली लगाई है।

इसमें सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि जसीम को किसी ने नहीं देखा। जो कर्मचारी जसीम के



लिए काम करते हैं, उन्हें उनकी सही उम्र, वे कैसे दिखते हैं और क्या वे शादीशुदा हैं, इस बारे में कुछ नहीं मालूम। दरअसल, जसीम कतर की रॉयल फैमिली का हिस्सा है, जिनकी कुल संपत्ति करीब 27 लाख 72 हजार करोड़ रुपए है। शेख जसीम के पिता शेख हमद बिन जसीम बिन जाबेर अल-थानी (एचबीजे) 2007 से 2013 तक कतर के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

माना जाता है कि उन्होंने इंग्लैंड के राजा को कई मुलाकात के दौरान 25-25 करोड़ रुपए दिए हैं। शेख जसीम एचबीजे की 15 संतानों में से एक हैं और उनका जन्म 1982 में हुआ था। माना जाता है कि शेख जसीम 10 साल की उम्र से ही यूनाइटेड के फैन हैं और वे क्लब के मैच देखने ओल्ड ट्रैफर्ड आते-जाते रहते हैं। ब्रिटेन के सबसे अमीर व्यक्ति जिम रैटक्लिफ ने भी यूनाइटेड को खरीदने के लिए बोली जमा की है।

# श्रीलंका विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर:न्यूज़ीलैंड ने 102 रन से हराया;उनकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम

**पार्ल, 20 फरवरी 2023।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड विमेंस टीम ने श्रीलंका को एकतरफा मुकाबले में 102 रन से हराया। बोलैंड पार्क में हुए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट खो कर 162 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका 60 रन पर ही ऑलआउट हो गई।

इसके साथ ही श्रीलंका सेमीफाइनल की रेस से बहार हो गई। न्यूजीलैंड और श्रीलंका दोनों के 4 मैच के बाद 4 अंक हैं, लेकिन, न्यूजीलैंड का रन रेट बेहतर है। ग्रुप में इस समय साउथ अफ्रीका के भी अंक 4 हैं, लेकिन उनके पास 1 मैच बचा है। साउथ अफ्रीका का आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ है। जीतने पर साउथ अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश कर लेगी।



### बेट्स और केर के बीच 110 रन की की साझेदारी

न्यूजीलैंड की ओपनर बेटस के साथ ओपनिंग करने उतरी बर्नडाइन बेजुइडेनहो 32 रन पर आउट हो गई। इसके बाद सूजी बेट्स और एमिलीया केर के बीच दूसरे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी हुई। बेट्स ने 49 गेंद में 56 रन बनाए। वहीं एमेलिया कैर ने 48 गेंद में 66 रन स्कोर किए। दोनों खिलाड़ी इनिंग्स के आखिरी ओवर में आउट हो गईं। आखिरी ओवर में कप्तान सोफी डिवाइन ने 3 रन बनाए।

श्रीलंका की ओर से अचीनी कुलसूर्या और इनोका रनवीरा को 1-1 विकेट मिला। एक विकेट रनआउट से आया।

### बिखरती गई श्रीलंका

श्रीलंका ने शुरुआत से ही विकेट खोना शुरू कर दिए। 22 रन पर पहला विकेट आया। हर्षिता समविक्रमा 8 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई गुरूरत्ने और नीलाक्षी दोनों 0 पर आउट हो गई। कप्तान चमारी अथापथ्थु ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाए। श्रीलंका 15.5 ओवर में 60 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

न्यूजीलैंड की ओर से एमिलीया केर और लेया ताहुहु को 2 विकेट मिले। वहीं, फ्रेन जोनस, हैना रोह, इडन कारसन और जेस केर को 1-1 विकेट मिला।

# केएल राहुल पर फिर बरसे वेंकटेश प्रसाद,बोले:इंदौर में परफॉर्म करो वरना





**नई दिल्ली, 20 फरवरी 2023।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल आलोचकों के निशाने पर हैं. इस भारतीय ओपनर का मौजूदा फॉर्म ही कुछ ऐसा है कि आलोचना करना एक तरह से बनता भी है. केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में भी बल्ले से कोई खास करिश्मा नहीं कर पाए और चार पारियों को मिलाकर सिर्फ 40 रन बना पाए. इसके बावजूद केएल राहुल को आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए भी टीम में जगह दी गई है.

### वेंकटेश ने केएल की जमकर आलोचना की

अब टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने केएल राहुल पर एक बार फिर से निशाना साधा है. वेंकटेश प्रसाद ने कहा कि केएल राहुल को काउंटी क्रिकेट खेलकर आना चाहिए. वेंकटेश ने केएल राहुल की तुलना मयंक अग्रवाल, अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ियों से करते हुए यह बताने की कोशिश है उनका प्रदर्शन कोई खराब नहीं था लेकिन टीम से ड्रॉप कर दिए गए. वेंकटेश ने आंकड़े भी पेश किए.

### कोटला में राहुल को मिलेगा एक और मौका, फिर नहीं चले तो होंगे

वेंकटेश प्रसाद ने लिखा, %एक राय यह है कि केएल राहुल का विदेशी टेस्ट रिकॉर्ड शानदार है. लेकिन आंकड़े कुछ और ही बयां करते हैं. उनका 56 पारियों में विदेशों में 30 का औसत है उन्होंने 6 शतक बनाए हैं, लेकिन इसके बाद काफी सारे लो स्कोर्स के चलते उनका औसत 30 है. आइए कुछ अन्य पर नजर डालते हैं.%

धवन का जिक्र करते हुए वेंकटेश ने लिखा, %मौजूदा समय के सलामी बल्लेबाजों में शिखर धवन का विदेशों में औसत सबसे अच्छा है. 5 शतकों के साथ लगभग 40 का औसत. हालांकि वह भी टेस्ट में लगातार अच्छे नहीं रहे हैं, लेकिन श्रीलंका और न्यूजीलैंड में उनके नाम बेहतरीन शतक रहे. साथ ही उनका एक बेहतर घरेलू रिकॉर्ड भी है.%

वेंकटेश ने बताया, %ऑस्ट्रेलिया में शानदार शुरुआत के बाद मयंक अग्रवाल ने विदेशों में टेस्ट मैचों में संघर्ष किया. लेकिन उनका अब तक का सबसे अच्छा घरेलू रिकॉर्ड है. 13 पारियों में लगभग 70 का औसत, 2 डबल सेंचुरी. वानखेड़े की पिच पर 150 रन, जहां हर कोई संघर्ष कर रहा था. स्पिन के खिलाफ वह काफी बढ़िया खेलते हैं और शानदार घरेलू सीजन भी रहा.%

वेंकटेश प्रसाद ने आगे कहा, %शुभमन गिल का एक संक्षिप्त अंतरराष्ट्रीय करियर रहा है और विदेशों में कुल 14 पारियों में उनका औसत 37 रहा है, जिसमें गाबा टेस्ट की चौथी पारी में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं. वह शानदार फॉर्म में भी हैं.

वेंकटेश लिखते हैं, %और अगर विदेशी प्रदर्शन एक मानदंड है, तो अजिंक्य रहाणे फॉर्म से बाहर होने के बावजूद और टीम से बाहर किए जाने से पहले रहाणे ने विदेशों में 50 टेस्ट मैचों 40 से अधिक की औसत से रन बनाए. यह तब है जब वह आउट ऑफ फॉर्म थे और ड्रॉप कर दिए गए.

वेंकटेश ने आखिर में कहा, %लेकिन केएल राहुल को शेष 2 टेस्ट मैचों के लिए बरकरार रखा गया है. अगर केएल राहुल प्लेइंग-11 में चुने जाते हैं, तो इंदौर टेस्ट उनके लिए फॉर्म में वापस आने और मेरे जैसे आलोचकों को चुप कराने का सबसे अच्छा मौका है. अन्यथा काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके और टेस्ट टीम में फिर से वापसी करने की जरूरत होगी.

### आंकड़ों से द्रविड़ को भी दिखाया आईना

केएल राहुल का फॉर्म खराब चल रहा है लेकिन भारतीय टीम मैनेजमेंट का उनपर भरोसा कायम है. राहुल द्रविड़ ने उनके विदेशों में प्रदर्शन की तारीफ करते हुए उन्हें आगे भी बैक करने की बात कही. द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, %मुझे लगता है कि राहुल को अपने प्रोसेस पर भरोसा करने की जरूरत है. यह सिर्फ एक चरण है और वह हमारे सबसे सफल विदेशी सलामी बल्लेबाजों में से एक रहे हैं. उन्होंने साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक बनाए हैं, हम उनका समर्थन करना जारी रखेंगे. अब वेंकटेश ने एक तरह से द्रविड़ को भी आईना दिखाया है.

# कलरफुल आउटफिट में सिंगर नेहा भसीन दिखीं गजब की बला

पंजाबी सिंगर नेहा भसीन अपनी बोल्डनेस से सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। फैंस उनकी ग्लैमरस तस्वीरों के लिए बेताब रहते हैं। वहीं, नेहा भसीन ने कलरफुल आउटफिट के साथ अपनी हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। सिंगर नेहा भसीन अपनी कातिलाना अंदाज से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराए रहती हैं। नेहा भसीन रंग बिरंगी ड्रेस में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। उनकी ये तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं। नेहा भसीन अपने फैंस को निराश नहीं करती हैं। वो अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें अपने इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट करती रहती हैं। सिंगर नेहा भसीन इस आउटफिट में अपना टोंड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। बोल्ड अदाओं से हर किसी को अपना दीवाना बनाने वाली सिंगर नेहा भसीन अपनी सेक्सी अदाओं से फैंस को दीवाना बना लेती हैं। बिकिनी में नेहा भसीन बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। उनकी हॉटनेस फैंस के सर आंखों पर चढ़ कर बोल रही हैं। नेहा भसीन अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। नेहा भसीन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधने लगते हैं। नेहा भसीन फैंस के लिए पर्सनल और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।





# निमृत कौर को मिली एकता कपूर की लव सेक्स और धोखा 2 ?

छोटी सरदारनी से अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली निमृत कौर अहलूवालिया ने रियलिटी शो बिग बॉस 16 में अपनी भागीदारी से काफी सुर्खियां बटोरी। हालांकि, निमृत को सेमीफाइनल सप्ताह में बाहर कर दिया गया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता एकता कपूर ने अपनी आगामी फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में निमृत को साइन किया है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अब इन खबरों पर अभिनेत्री ने अपनी प्रतिकिया दी है।

रिपोर्ट के नुसार निमृत ने कहा, मैं सातवें आसमान पर हूं। यह अविश्वसनीय है। मैं एकता मैम की आभारी हूं और बिग बॉस की भी। अगर यह मंच नहीं होता तो वह मुझे कभी नहीं देखती। मुझे नहीं पता कि वह मुझे जानती भी है या नहीं। मैं अभी बाहर आई हूं और फिल्म को लेकर मेरी कोई बातचीत नहीं हुई है और न ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी है, इसलिए मेरी ओर से कोई टिप्पणी करना गलत होगा।















CMYK

# कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई बड़े निर्णय

**देखें मंत्रिपरिषद के फैसले...**

**रायपुर,20 फ रवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### मंत्रिपरिषद की बैठक के निर्णय

*छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बेरोजगारों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

*तृतीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2022-2023 का विधानसभा में उपस्थापन बाबत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

*बजट अनुमान वर्ष 2023-2024 का विधानसभा में उपस्थापन बाबत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

* छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ते, पेंशन (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

*टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड के साथ पार्टनशिप में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उन्नयन योजना का अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 36 आई.टी.आई. के विकास पर कुल 1216.80 करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इससे आई.टी.आई संस्थाओं में मैकेनिक, इलेक्ट्रिक व्हीकल, बेसिक डिजाइनर एवं वर्चुअल वेरीफायर (मेकेनिकल), मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एण्ड आटोमेशन, एडवांस्ड सीएनसी मशीनिंग, इंडस्ट्रीयल रोबोटिक्स एंड डिजीटल मैन्युफैक्चरिंग एवं आर्टिजन यूजिंग एडवांस्ड टूल्स सहित अन्य शार्ट टर्म कोर्सेस भी संचालित होंगे।

* छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का इक्कीसवां वार्षिक प्रतिवेदन (एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए) विधानसभा के पटल पर रखे जाने और अग्रिम कार्यवाही के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया।

* छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। राज्य नवाचार आयोग जनकल्याणकारी योजनाओं में नवाचार को बढ़ावा देने संबंधी सुझाव के साथ ही प्रशासनिक सेवाओं में दक्षता बढ़ाने, घोषणा पत्र के क्रियान्वयन हेतु सुझाव तथा समय-समय पर दिए गए अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सुझाव देगा।

* छत्तीसगढ़ की पंचम विधानसभा के सोलहवां सत्र माह मार्च-2023 हेतु माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया।



* गोधन न्याय योजनांतर्गत गोबर से प्रति किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट के रूपांतरण का प्रतिशत 40 से 33 होने से वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन में लगने वाले अतिरिक्त गोबर की लागत राशि एक रूपए की प्रतिपूर्ति सेस की राशि से भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

इसी तरह नगरीय निकाय के गोठानों में अतिरिक्त गोबर की लागत राशि एक रूपए की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा नगरीय निकाय के गोठानों को गोबर क्रय हेतु प्रदाय राशि से किया जायेगा तथा शेष उपलब्ध राशि का उपयोग गोबर क्रय हेतु रिवाल्विंग मनी के रूप में किए जाने तथा वर्मी कम्पोस्ट के सुरक्षित भंडारण के लिए जिला कलेक्टर के अनुमोदन से गोठान परिसर में अन्य शासकीय योजनाओं के अभिसरण से गोदाम निर्माण का निर्णय लिया गया।

* छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत ( उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम-2019 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

* लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकल स्त्रोत से क्रय/उपार्जन के संबंध में छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम से छूट प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।

* चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन आयुक्त चिकित्सा शिक्षा का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया।

* मालयानों से एकमुश्त (जीवनकाल/वैकल्पिक) कर उद्ग्रहण हेतु छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम-1991 (क्रमांक 25 सन् 1991) में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

* छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान-1991 के नियम 158 छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) अधिसूचना दिनांक 31 दिसंबर 2013 के कंडिका (5) में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

* छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की द्वितीय अनुसूची के भाग-एक में मोटर कारवां का मोटरयान कर निर्धारण करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

* सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र के अन्त्योदय एवं प्राथमिकता परिवारों को चना वितरण हेतु भारत सरकार के बफर स्टॉक से 8000 रूपए प्रति टन की सब्सिडी योजना अंतर्गत चना क्रय करने का निर्णय लिया गया।

* औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में बंद एवं बीमार उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन नीति लागू करने का निर्णय लिया गया। यह एक नवंबर 2019 के पश्चात् बंद एवं बीमार हुए उद्योगों पर लागू होगी। यह नीति केवल विनिर्माण उद्योगों पर लागू होगी।

* छत्तीसगढ़ राज्य को लॉजिस्टिक्स एवं वेयर हाउसिंग हब के रूप में विकसित करने छ.ग. राज्य लॉजिस्टिक्स नीति 2022 को लागू करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ बकाया कर ब्याज एवं शास्ति के निपटान हेतु विधेयक 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

* नवा रायपुर अटल नगर में विभिन्न भू-उपयोग अंतर्गत आबंटित भूमि/बिल्टअप स्पेस पर आबंटियों से शेष प्रीमियम अदायगी पर अधिरोपित ब्याज एवं सरचार्ज में छूट देने हेतु वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू करने का निर्णय लिया गया।

* राज्य प्रवर्तित मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवासीय योजना में विधवा, विधुर, परित्यागता एवं अविवाहित पुरूष एवं महिला को शामिल करने का निर्णय लिया गया तथा आवास के लिए पंजीयन की तिथि 31 मार्च 2024 तक बढ़ाई गई है।

* छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (संशोधन) विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

* छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) विधेयक 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

* मंत्रालय के लिए प्रमुख सचिव/सचिव का एक अस्थाई असंवर्गीय पद के निर्माण निर्णय लिया गया।

* छत्तीसगढ़ राज्य के भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक / अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक छ.स.बल (प्रशिक्षण) पुलिस मुख्यालय के एक नवीन असंवर्गीय पद को अस्थायी रूप से दो वर्ष की अवधि के लिए सृजन का अनुमोदन किया गया।

## दो पुलिसकर्मी शहीद,आज सुबह नक्सलियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग



**राजनांदगांव ,20 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के बोरतालाब थाने के करीब नक्सली हमले में आज सुबह दो जवान शहीद हो गए। थाने से मात्र एक किलोमीटर दूर नक्सलियों ने जवानों पर हमला किया है। घटनास्थल के पास घना जंगल है। नक्सलियों ने इसी का फायदा उठाया। उसने जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों की संख्या 15 बताई जाती है। शहीद दोनों जवान बोरतालाब थाने में तैनात थे।कांकेर में हुई आगजनी

कांकेर जिले में नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे 3 वाहनों को आग लगा दी थी। इस घटना के बाद ठेकेदार की भी बड़ी लापरवाही सामने आई है। ठेकेदार नक्सल इलाके में बिना पुलिस को सूचना दिए और बिना किसी सुरक्षा के सड़क निर्माण का काम करवा रहा था। जिसके चलते नक्सलियों ने इस घटना को आसानी से अंजाम दे दिया।

धुर नक्सल प्रभावित गट्टाकाल से मेंड्री तक सड़क निर्माण का काम चल रहा था। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे 10 से 15 की संख्या में नक्सली पहुंचे और सड़क निर्माण के काम में लगी दो जेसीबी और एक मिक्सर मशीन को आग के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद चालक और मजदूरों को काम नहीं करने की धमकी भी नक्सलियों ने दी है।

## बड़े नेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

### रायपुर में होने वाले कांग्रेस के पूर्ण अधिवेशन के पूर्व दबिश को लेकर सियासी घमासान भी शुरू



**रायपुर/जगदलपुर, 20 फरवरी 2023(ए)।**रायपुर में होने वाले कांग्रेस के पूर्ण अधिवशन से ठीक पहले छत्तीसगढ़ के लगभग आधा दर्जन नेताओं के ठिकानों पर इनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी )की टीमों ने सोमवार अल सुबह ने छापेमारी शुरू कर दी। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं के यहां ईडी की दबिश को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है।

जानकारी मिली है कि ईडी की एक टीम ने कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के अनुपम नगर स्थित निवास पर छापेमारी शुरू की है। इसके अलावा ईडी की अन्य टीमें भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव, खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, श्रम कर्मकार कल्याण मंडल के सन्नी अग्रवाल, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह, और युवा आयोग के सदस्य विनोद तिवारी के ठिकानों पर भी जांच पड़ताल कर रही हैं।

देवेंद्र यादव के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित निवास में ईडी की जांच पड़ताल चल रही है। श्री यादव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेहद करीबी माने जाते हैं और मुख्यमंत्री के गृह जिले के ही निवासी हैं। ईडी की टीमें कल से ही गोपनीय तौर पर रायपुर और भिलाई में सक्रिय हो गई थीं। कल शाम से देर रात तक इन सभी नेताओं के आने जाने, उनकी दिनचर्या और उनके आवासों पर नजर रखनी शुरू कर दी गई थी और आज सुबह 5 बजे से सभी नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी गई। खास बात यह है कि ये सभी नेता और विधायक एआईसीसी अधिवेशन की तैयारियों में लगे हुए हैं। ईडी ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं के यहां ऐसे समय में छापेमारी शुरू की है, जब राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी का पूर्ण अधिवेशन और चिंतन शिविर होने जा रहा है। कांग्रेस का अधिवेशन और चिंतन शिविर 24 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाला है। इसमें कांग्रेस के हजारों वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। अधिवेशन एवं चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम, सारे मंत्री तथा पदाधिकारी भी शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों को कांग्रेस वर्किंग कमेटी का मेंबर नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन और चिंतन शिविर के ठीक पहले ईडी की छापेमारी को कांग्रेस के नेता अधिवेशन और चिंतन शिविर को विफल करने की केंद्र सरकार की साजिश करार दे रहे हैं।

### अधिवेशन को विफल करने की साजिश : सक्सेना

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रवि सक्सेना ने कहा है कि भाजपा और केंद्र सरकार अधिवेशन से घबरा गई है। उन्हें मालूम है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में तो छाई हुई है ही, पूरे देश में भी कांग्रेस की प्रतिष्ठा बढ़ गई है। एक टीवी न्यूज चैनल से चर्चा में श्री सक्सेना ने कहा कि अधिवेशन और चिंतन शिविर के बाद कांग्रेस के सारे नेता और कार्यकर्त्ता दुगुने उत्साह के साथ पार्टी की विजय पताका फहराने में जुट जाएंगे। इससे भाजपा विचलित हो उठी है और हमारे उत्साह को दबाने के लिए ईडी का सहारा भाजपा की केंद्र सरकार ले रही है, लेकिन हम कांग्रेस के सिपाही ऐसे हथकंडों से डरने और विचलित होने वाले नहीं हैं।

### केंद्र सरकार की ओछी राजनीति : जैन

जगदलपुर के विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के श्रम एवं नगरीय प्रशासन विभाग के संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कांग्रेस नेताओं के यहां ईडी की छापेमारी को केंद्र की भाजपा सरकार की ओछी राजनीति का हिस्सा बताया है। श्री जैन ने कहा है कि मोदी सरकार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफभी ईडी के जरिए कार्रवाई कराई, लेकिन उसे अब तक कुछ भी हासिल नहीं हो पाया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से ईडी ने घंटों पूछताछ कर उन्हें बेवजह परेशान किया। देश की जनता समझ चुकी है कि केंद्र सरकार ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी को राजनीतिक हथियार बना लिया है। श्री जैन ने कहा कि आने वाले चुनाव में जनता बदले की भावना से जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने वाली भाजपा को करारा जवाब देगी।

### विधायक देवेंद्र यादव के यहां ईडी के छापे के खिलाफ धरने पर बैठी कांग्रेस

विधायक भिलाई देवेंद्र यादव के यहां प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा दी गई दबिश के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सेक्टर 5 में धरने पर बैठ गए हैं। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में भिलाई की जनता भी बड़ी संख्या में शामिल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के यहां ईडी के छापे से नाराज कांग्रेस नेताओं ने इसे भाजपा की राजनीतिक चाल बताया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया सह संयोजक हर्ष शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन की तैयारियों में लगे कांग्रेस नेताओं के यहां ईडी के छापे यह बता रहे हैं कि कांग्रेस अधिवेशन से भाजपा छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक हिल गई है।वह कांग्रेस का मुकाबला नहीं कर पा रही है। इसलिए ईडी का सहारा लिया गया है। हर्ष शुक्ला ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को देश भर में मिले जनसमर्थन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबरा गए हैं। कांग्रेस अधिवेशन रोकने की कोशिश इसीलिए की जा रही है। कांग्रेस डटकर मुकाबला करेगी।

विधायक देवेंद्र यादव के यहां राजनीतिक विद्वेष से की गई छापे की कार्रवाई के विरोध में धरने में कांग्रेस के युवा नेता रजनीश पांडे,संजीत साहू रोहित साहू, संजू राव, ऋषी एवं प्रदेश सह संयोजक हर्ष शुक्ला के साथी उपस्थित हैं आदि सहित कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के सम्मेलन में दी बड़ी सौगात



» ग्राम अर्जुनी में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं जिला सहकारी बैंक की शाखा खुलेगी

» कुर्मी समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपये, श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा

» जागड़ा हाईस्कूल का नामकरण होगा स्वर्गीय चोवा राम बघेल के नाम पर

» नवापारा में सर्वसमाज के सामुदायिक भवन बनाने 20 लाख रुपये की घोषणा

» चंदखुरी में माता कौशल्या महोत्सव मनाने की घोषणा

**रायपुर,20 फ रवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित अर्जुनी राज कुर्मी क्षत्रिय समाज के 77 वें राज अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने समाज के पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम अर्जुनी में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने सहित कुर्मी समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपये,श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जागड़ा हाईस्कूल का नामकरण स्वर्गीय चोवा राम बघेल के नाम पर करने, ग्राम नवापारा में सर्वसमाज के सामुदायिक भवन हेतु 20 लाख रुपये देने एवं चंदखुरी में माता कौशल्या महोत्सव मनाने की महत्वपूर्ण घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ संस्कृति को सरंक्षित करने का प्रयास कर रही है। रामवनगन परिपथ के अंतर्गत राज्य के 9 स्थलों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कर रहे है। जिसके तहत चंदखुरी, शिवरीनारायण, राजिम में 51 फीट ऊंची राम की प्रतिमा की स्थापना सहित अन्य कार्य बड़े स्तर पर किए जा रहें हैं। माघी पूर्णि मेला के तहत राजिम में 55 एकड़ जमीन आरक्षित कर मेला स्थल विकसित कर रहें हैं। आदिवासी संस्कृति से जुड़े हुए 2 हजार से अधिक देवगुड़ी देवस्थल का निर्माण कर संस्कृति को सरंक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार ने गांव- गांव में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया है और नगद पुरुस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन रही है। इससे गांव के रामायण मंडली को एक नयी पहचान मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुर्मी समाज प्रगतिशील समाज है। समाज मे व्याप्त विभिन्न विसंगतियों को दूर करने सार्थक कदम उठाए जा रहे है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमारे ग्रामीण किसान भाई अच्छे से मना सके, इसको ध्यान में रखते हुए हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त का भुगतान दीपावली त्यौहार से पहले 17 अक्टूबर 2022 को ही कर दिया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव सु शकुंतला साहू, महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, अध्यक्ष जीव जंतु कल्याण बोर्ड विद्याभूषण शुक्ल, अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड सुरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा सहित समाज के अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा ने भी सभा को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के पूरे कुमर्ज़ समाज एवं पिछड़ा वर्ग की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज प्रधान भुनेश्वर वर्मा, विपिन बिहारी वर्मा, महामंत्री रघुनंदन लाल वर्मा, के के नायक, खोडस कश्यप, मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर वर्मा, युवा अध्यक्ष भानु वर्मा, कलेक्टर रजत बंसल, एसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कुमर्ज़ समाज के राजप्रधान और पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नक्सलियों ने प्रधान आरक्षक की हत्या की





**दंतेवाड़ा , 20 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कडेमरका में भाई की शादी में शामिल होने के लिए चार दिन की छुट्टी लेकर पहुंचे दंतेवाड़ा पुलिस लाइन में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ जवान पन्नीराम बट्टी निवासी गीदम थाना क्षेत्र के ग्राम गुमलनार की नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी है। वारदात रविवार देर रात 03 बजे की बताई जा रही है, सोमवार को इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस कार्यवाही के लिए रवाना हुई है।

दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जवान पन्नीराम बट्टी अवकाश में अपने घर गया था, वहां से अपने भाई के शादी में शामिल होने के लिए ग्राम कडेमरका गया था। जहां घात लगाकर नक्सलियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभवित जिले में जवानों को सख्त निर्देश है कि बिना किसी सूचना के घर या दूसरी जगहों पर नही जाएं। लेकिन जवान पन्नीराम बट्टी इन नियमों का पालन नहीं करते हुए, विशाखापट्टनम से प्रशिक्षण लेकर वापस लौटने के बाद चार दिन की छुट्टी लेकर बिना किसी सूचना के भाई की शादी समारोह में शामिल होने चला गया था, जिसकी वजह से नुकसान उठाना पड़ा है।



## जू कीपर और डिप्टी रेंजर ने बचाई युवक की जान

### शेर के बाड़े में कूदा युवक, मची खलबली

**बिलासपुर, 20 फरवरी 2023(ए)।** कानन पेंडारी जू में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक शेर के बाड़े में कूद गया. युवक को बाड़े में कूदता देख वहां पहुंचे पर्यटक घबरा गए और डर से चिल्लाने लगे. हालांकि, घटना की जानकारी मिलते ही जू कीपर और डिप्टी रेंजर ने तत्परता दिखाते हुए युवक जान बचा ली।

ड्यूटी में तैनात जू-कीपर को बाड़े में युवक के कूदने की सूचना तत्काल अधिकारियों को दी. इतना ही नहीं जू-कीपर सूझबूझ दिखाते हुए केज के पास पहुंचकर खुले में घूम रहे शेर को अंदर लाया. उसके बाद युवक को बाहर निकाल लिया गया।

हालांकि, एक मिनट भी बचाव कार्य में लेट लतीफी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. बाड़े में कूदने वाला युवक कुंतल भिमटे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मगरपारा का रहने वाला है. कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से बीमार चल रहा है।

## राज्य सरकार ने डीएसपी का किया तबादला



**रायपुर,20 फरवरी 2023(ए)।**राज्य सरकार ने आज प्रशासनिक सर्जरी करते हुए दो डीएसपी के तबादले का आदेश जारी किया है। गृह (पुलिस)

विभाग की ओर से उप सचिव डी. पी. कौशल ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है।आदेश के मुआबिक, सिद्धार्थ बघेल को एसडीओपी भाटापारा बलौदाबाजार से एसडीओपी कोटा बिलासपुर भेजा गया है। वहीं आशीष अरोरार को एसडीओपी बिलासपुर से एसडीओपी भाटापारा बलौदाबाजार बनाया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)